

हुमा रास आती है बिगडेल लड़कियां 4

Website:- www.Janmarg.com

TITLE CODE:- T/RJ/2024/211

e-mail :morningjanmarg@gmail.com

निष्पक्ष एवं निर्भीक दैनिक

# जनमार्ग

लोकतंत्र व निष्पक्षता का मार्ग प्रातःकालीन समाचार पत्र

श्रीगंगानगर, गुरुवार, 06.02.2025 ● पृष्ठ : 8 ● मूल्य : 2 रुपये ● वर्ष : 1 ● अंक : 283 ● मो. 93526-86083, 77421-86692, 0154-2970692

## रुपया ऑल टाइम लो पर

जनमार्ग न्यूज

**नई दिल्ली।** भारतीय करेंसी यानी रुपया एक बार फिर अपने रिकॉर्ड ऑल टाइम लो पर आ गया है। बुधवार (5 फरवरी) को कारोबार के दौरान यह अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 25 पैसे गिरकर 87.37 के स्तर पर पहुंच गया। यह रुपया का सबसे निचला स्तर है। इससे पहले सोमवार को यह 67 पैसे गिरकर 87.29 के स्तर पर आ गया था। जब किसी देश का इंपोर्ट उसके एक्सपोर्ट से ज्यादा होता है, तो ट्रेड डेफिसिट यानी व्यापार घाटा कि स्थिति होती है। नवंबर में भारत का व्यापार घाटा 37.8 बिलियन डॉलर (करीब 3.31 लाख करोड़ रुपए) और दिसंबर में 21.94 बिलियन डॉलर (करीब 1.92 लाख करोड़ रुपए) रहा। इससे रुपए की मांग कम होती है और इसकी कीमत गिरती है। यानी करंट अकाउंट डेफिसिट यह ट्रेड डेफिसिट और सर्विसेज के इंपोर्ट-एक्सपोर्ट का अंतर है। अगर यह बढ़ता है तो रुपए की डिमांड कम कर सकता है। पिछले वित्त वर्ष में यह जीडीपी का 0.7 प्रतिशत था। वित्त वर्ष 2025 में इसके 1 प्रतिशत रहने का अनुमान है। विदेशी मुद्रा भंडार में गिरावट रुपए की मांग और कीमत को कम कर सकता है। 24 जनवरी तक के डेटा के मुताबिक भारत का फॉरेक्स पिछले सप्ताह के मुकाबले, 1.8 बिलियन डॉलर बढ़कर 629.55 बिलियन डॉलर (करीब 55.02 लाख करोड़ रुपए) है।




# दिल्ली में 57.85 प्रतिशत मतदान, 8 को मतगणना

» एग्जिट पोल में भाजपा की जीत का दावा » सबसे ज्यादा नार्थ-ईस्ट दिल्ली में 63.83 प्रतिशत

जनमार्ग न्यूज

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा की 70 सीटों के लिए वोटिंग खत्म हो गई है। 57.85 प्रतिशत लोगों ने इस बार वोट डाले हैं। सबसे ज्यादा नार्थ-ईस्ट दिल्ली में 63.83 प्रतिशत और सबसे कम साउथ-ईस्ट में 53.77 प्रतिशत मतदान हुआ है। यह भाजपा सांसद मनोज तिवारी का संसदीय क्षेत्र है। पिछले 12 सालों में यह सबसे कम वोटिंग है। पिछले 3 चुनावों के मुकाबले कम वोटिंग दिल्ली विधानसभा के पिछले 3 चुनावों के मुकाबले इस बार कम वोटिंग हुई है। साल 2013 में 65.63 प्रतिशत वोटिंग हुई थी। 2015 में 67.12 प्रतिशत और 2020 में 62.59 प्रतिशत वोटिंग हुई थी। तीनों बार दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार बनी थी। इस बार 57.85 प्रतिशत वोटिंग हुई है। हालांकि, यह आंकड़ा फाइनल नहीं है। गुरुवार सुबह तक यह फाइनल होगा। आप के राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा ने आरोप लगाया कि नई दिल्ली विधानसभा क्षेत्र में बूथ के बाहर तैनात सुरक्षाकर्मी हमारे रिलीवर्स को अंदर नहीं जाने दे रहे। अगर पोलिंग एजेंट बाहर नहीं आएगा और रिलीवर के तौर पर नया पोलिंग एजेंट अंदर नहीं जाएगा तो यह पता नहीं चलेगा कि उस बूथ पर कितना मतदान हुआ या फर्जी वोटिंग हुई, ये पता नहीं चलेगा। मैं अफसरों से ये कहने आया हूं कि हमारे रिलीवर्स को बूथ के अंदर जाने दें।



एग्जिट पोल में भाजपा की सरकार ज्यादातर एग्जिट पोल में भाजपा की सरकार बनती दिखाई दे रही है। 10 एग्जिट पोल आए हैं। 8 में भाजपा को बहुमत मिलता दिखाई दे रहा है। 2 में आम आदमी पार्टी की सरकार बनने का अनुमान है। दिल्ली में विधानसभा की 70 सीटें हैं। इनके लिए 699 उम्मीदवार मैदान में हैं। यहां 5 फरवरी 2025 को सभी सीटों पर एक ही चरण में मतदान कराया गया। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल नई दिल्ली सीट से चुनाव लड़ रहे हैं। वहीं, कांग्रेस के संदीप दीक्षित और भाजपा के प्रवेश वर्मा भी इसी सीट से उम्मीदवार हैं।

## मैं भी गांव से निकलकर आया हूं: सीएम

जनमार्ग न्यूज

**भीनमाल।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा बुधवार दोपहर को भीनमाल पहुंचे। जहां उन्होंनें नरसाणा स्थित प्रसिद्ध श्री दूदेश्वर महादेव मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में हिस्सा लिया और सभा को संबोधित किया। इस दौरान सीएम ने पूर्ववर्ती सरकार पर पेपर लीक को लेकर निशाना साधा। सीएम ने युवाओं को नौकरी और किसानों के हित में काम करने का भरोसा दिया। सीएम ने कहा- ज्पहले आए दिन पेपर लीक हो जाते थे। पिता विश्वास करता था। बेटा-बेटी उन्हें विश्वास दिलाते थे कि परीक्षा में पास होकर उनके सहयोग में काम करेंगे। मगर 19 में से 17 पेपर लीक करके युवाओं के सपनों को बर्बाद करने का काम किया तो कांग्रेस की सरकार ने किया। आपने देखा होगा कि एक साल में एक भी पेपर आउट नहीं हुआ।

## परिवहन विभाग में आएगा नया मॉडल, बसें नहीं खरीदेगी सरकार




● राजस्थान विधानसभा के बजट सत्र में बड़ा खुलासा

जनमार्ग न्यूज

**जयपुर।** राजस्थान विधानसभा के बजट सत्र के तीसरे दिन परिवहन व्यवस्था को लेकर बड़ा सवाल उठा। बीजेपी विधायक कालीचरण सराफ ने जयपुर में बढ़ते ई-रिक्शा और निजी परिवहन के बढ़ते दायरे पर चिंता जाहिर की। उन्होंने सरकार से पूछा कि क्या पूरे परिवहन तंत्र को ही निजी हाथों में सौंप दिया जाएगा? विधानसभा में नगरीय विकास मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने जवाब देते हुए कहा कि राजस्थान में महाराष्ट्र मॉडल लागू किया जाएगा। इसके तहत सरकार बसें खुद नहीं खरीदेगी, बल्कि निजी कंपनियों की ईवी (इलेक्ट्रिक) और सीएनजी बसों को किराए पर लिया जाएगा। यूडीएच मंत्री खर्रा ने बताया कि कंपनियां बसों का संचालन करेंगी, जबकि कंडक्टर सरकार के होंगे। इन बसों का प्रति किलोमीटर के आधार पर कंपनियों को भुगतान किया जाएगा। क्योंकि इससे सरकार को रखरखाव और ड्राइवर की जिम्मेदारी नहीं उठानी पड़ेगी, जिससे लागत में बचत होगी। नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने इस फैसले पर आपत्ति जताते हुए कहा कि सरकार खुद कोई कदम नहीं उठा रही, बल्कि पूरा सिस्टम निजी हाथों में देने जा रही है। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा कि ऐसा करिए कि सरकार सिर्फ टिकट काटे और लोग प्राइवेट बसों में सफर करें। मंत्री खर्रा ने जवाब में कहा कि सरकार का मकसद बेहतर सार्वजनिक परिवहन सेवा देना है, लेकिन इसके लिए निजी भागीदारी आवश्यक है। इससे परिवहन सेवाएं अधिक कुशल और सस्ती होंगी।

## अमेरिका ने 104 भारतीयों को जबरन भारत भेजा




● पंजाब के 30, हरियाणा-गुजरात के 33-33 लोग

जनमार्ग न्यूज

**अमृतसर।** अमेरिका ने बुधवार को नई इमिग्रेशन पॉलिसी के तहत 104 अवैध प्रवासी भारतीयों को जबरन डिपोर्ट कर दिया। अमेरिकी एयरफोर्स का विमान सी-17 ग्लोबमास्टर इन्हें लेकर अमृतसर में एयरफोर्स के एयरबेस पर उतरा। इनमें पंजाब के 30, हरियाणा-गुजरात के 33-33 लोग शामिल हैं। अमृतसर एयरपोर्ट के सुरक्षा अधिकारियों के मुताबिक, इन लोगों का वैरिफिकेशन किया गया। यहां से इमिग्रेशन और कस्टम से क्लियरेंस के बाद पंजाब पुलिस को सौंप दिया गया। करीब साढ़े 3 घंटे बाद यूएस एयरफोर्स विमान वापस लौट गया। अमेरिका ने कुल 205 अवैध भारतीयों को डिपोर्ट करने के लिए चिह्नित किया है। इन्हें भारत भेजा जाएगा। 186 भारतीयों को डिपोर्ट करने वाली लिस्ट भी सामने आई। अभी यह स्पष्ट नहीं है कि बाकी बचे लोग कहां हैं और कब डिपोर्ट किए जाएंगे।

## करोड़ों के फ्रॉड में जांच करेगी सीबीआई

**जयपुर (जनमार्ग न्यूज)।** अशोक गहलोत सरकार में पूर्व राजस्व मंत्री रहे रामलाल जाट की मुश्किलें बढ़ गई हैं। राजस्थान हाईकोर्ट, जोधपुर ने उनके खिलाफ करोड़ों रुपए के धोखाधड़ी मामले में सीबीआई जांच के आदेश दिए हैं। यह आदेश हाईकोर्ट के न्यायाधीश फरजंद अली ने जारी किया। रामलाल जाट सहित पांच अन्य लोगों के खिलाफ 5 करोड़ की धोखाधड़ी का मामला दर्ज है।


**For Rent**

Vacant for Rent, from March 25 onwerd, 20 Vinayak Vihar, 30×60 hall, Ground floor, Commercial Hall , Baba Ramdev Road.

**Please Contact 8005763176**


## गोलबाजार स्थित श्री श्याम का गाजरपाक अनसेफ, सैंपल लिए

● अनसेफ व सब स्टेंडर्ड मिले खाद्य पदार्थ, होगी कार्रवाई

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत लगातार कार्रवाई की जा रही है और नियमित रूप से सैंपल लिए जा रहे हैं। विभाग की ओर से लिए जाने वाले सैंपल्स की रिपोर्ट आने के बाद अब ऐसे संस्थानों के नाम व खाद्य सामग्री के नाम सार्वजनिक किए जा रहे हैं, जो अनसेफ व सबस्टेंडर्ड मिले हैं। सीएमएचओ डॉ. अजय सिंगला ने जानकारी देते हुए बताया कि बुधवार को अनेक संस्थानों पर निरीक्षण कर खाद्य पदार्थों के सैंपल लिए। उन्होंने बताया कि गोल बाजार स्थित श्री श्याम रबड़ी फलूदा रबड़ी कुल्फी का गाजर पाक अनसेफ पाया गया है यानि मानव स्वास्थ्य के लिए



हानिकारक खाद्य पदार्थ। इसी तरह पुरानी आबादी ताराचंद वाटिका के पास पटेल नगर स्थित गौरव ट्रेडिंग कंपनी की डोरा मिश्री और केसरीसिंहपुर वार्ड नंबर सात स्थित मीत डेयरी एंड फीड स्टोर का देशी घी सब स्टैंडर्ड पाया गया है। उल्लेखनीय है कि इससे कुछ दिन पूर्व भी सेतिया कॉलोनी वार्ड नंबर 20 स्थित संगम द स्वीट शॉप की बेसन बूंदी के लड्डू अनसेफ पाए गए। इसी तरह गोल बाजार स्थित सरदार जी जलेबी वाले की जलेबी, विनोबा मार्किट स्थित अमृत डेयरी का खुला घी, टावर रोड पुरानी आबादी स्थित गणेश किरयाना स्टोर का घी, जेसीटी मिल के सामने वार्ड नंबर 3 श्रीकरणपुर मार्ग स्थित एचआर बर्फी हाऊस का बेसन बूंदी लड्डू सब स्टैंडर्ड पाया गया। इनके खिलाफ अब नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की जाएगी। सैंपल लेने की कार्रवाई फूड इंस्पेक्टर कंवर पाल सिंह, हेतराम खुड़िया एवं हंसराज गोदारा ने की।

## थानाधिकारी और हेड कॉन्स्टेबल भिड़े, सस्पेंड

जनमार्ग न्यूज

**सिरोही।** सिरोही में अवैध बजरी खनन में पैसों को लेकर थानाधिकारी और हेड कॉन्स्टेबल भिड़ गए। दोनों ने एक-दूसरे के कॉलर पकड़ लिए। छीना झपटी में थानाधिकारी की नेम प्लेट टूटकर नीचे गिर गई। इसके बाद मौके पर मौजूद लोगों ने बीच बचाव कर दोनों को छुड़ाया। घटना मंगलवार रात 10 बजे की पालड़ी एम थाना क्षेत्र में ब्यावर-पिंडवाड़ा हाईवे पर एक होटल के सामने की है। जानकारी मिलते ही एसपी ने दोनों को किया सस्पेंड कर दिया। जानकारी के अनुसार सिरोही के पालड़ी एम थानाधिकारी हुकुम सिंह भाटी और रोहिड़ा थाना क्षेत्र की भूला चौकी के हेड कॉन्स्टेबल समय सिंह गुर्जर के बीच मंगलवार रात करीब 10 बजे अवैध बजरी खनन और पैसों की बात को लेकर तीखी बहस हो गई।

## कर्मचारियों के एआई टूल्स इस्तेमाल पर रोक

जनमार्ग न्यूज

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्रालय ने बुधवार को अपने कर्मचारियों पर चैटजीपीटी और डीपसीक जैसे एआई टूल्स के इस्तेमाल करने पर रोक लगा दी। कर्मचारी ऑफिस के डिवाइस यानी मंत्रालय की ओर से दिए गए कंप्यूटर, लैपटॉप, टैबलेट जैसे डिवाइस में एआई टूल्स का इस्तेमाल नहीं कर पाएंगे। व्यय विभाग की ओर से 29 जनवरी को जारी आदेश से पता चलता है कि एआई टूल्स के इस्तेमाल से गोपनीय सूचनाएं लीक होने का खतरा है। इसके चलते ही यह कदम उठाया गया है। यह आदेश मंत्रालय के सभी विभागों पर लागू होगा। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया और इटली जैसे देश भी एआई टूल्स बैन कर चुके हैं। चैटजीपीटी (चैट जनरेटिव प्री ट्रेंड ट्रांसफॉर्मर) एक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंट चैटबॉट है।

# कैंसर उपचार के लिए इंजेक्शन फ्री करना सरकार की सबसे बड़ी उपलब्धि : बिहाणी

● विधानसभा में विधायक बिहाणी ने जताया सीएम का आभार ● राजस्थान खनिज, खाद्यान्न और दुग्ध उत्पादन में समृद्धः बिहाणी

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** विधायक जयदीप बिहाणी ने कैंसर रोगियों के उपचार के लिए इंजेक्शन फ्री दिए जाने के फैसले को राजस्थान सरकार की सबसे बड़ी उपलब्धि बताते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आभार व्यक्त किया है। विधायक जयदीप बिहाणी ने बुधवार को राज्य विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान गंगानगर विधानसभा क्षेत्र की जनता का भी आभार व्यक्त किया जिसने उन्हें जनप्रतिनिधि के रूप में जनसेवा का मौका दिया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सोच देश की अर्थव्यवस्था को विश्व में तीसरे स्थान पर ले जाने की है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा उसी सोच को दृष्टिगत रखते हुए प्रदेश के विकास को गति देने के हरसंभव प्रयास कर रहे हैं। राजस्थान खनिज, खाद्यान्न और दुग्ध उत्पादन में समृद्ध है। यहां औद्योगिक विकास की संभावनाओं को देखते हुए मुख्यमंत्री जी के प्रयासों से पिछले दिनों राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट का आयोजन हर जिले में हुआ। सरकार के पहले ही कार्यकाल में 35 लाख करोड़ रुपए निवेश के एमओयू होना बड़ी उपलब्धि है। जब ये एमओयू मूर्तरूप लेंगे तो प्रदेश में औद्योगिक क्रांति का सूत्रपात होने के साथ-साथ युवाओं को रोजगार मिलने का सपना भी पूरा होगा। विधायक जयदीप बिहाणी ने कहा कि पिछली सरकार के कार्यकाल में सरकारी नौकरियों की भर्ती के लिए हुई प्रतियोगी परीक्षाओं का जो हश्र हुआ, वह किसी से छिपा हुआ नहीं है। पेपर लीक होना इस प्रदेश की नियति बन गई। सरकारी नौकरी की आस में प्रतियोगी परीक्षा देने वाले युवाओं के हितों पर जो कुठाराघात हुआ, उसके पन्ने अब परत दर परत खुल रहे हैं। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पदभार ग्रहण करते ही एसआईटी का गठन कर निष्पक्ष जांच के आदेश दिए तो पूर्ववर्ती सरकार के कार्यकाल में बेरोजगार युवाओं के साथ हुए छल की कड़वी सच्चाई सामने आ गई। पेपर लीक करवाने में उन लोगों की संलिप्तता भी सामने आई है, जिन्हें निष्पक्षता और पारदर्शिता से परीक्षा करवाने की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। एसआईटी की जांच से साफ हो गया कि पूर्ववर्ती सरकार ने दूध की रखवाली बिल्ली को सौंप रखी थी। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार के समय गठित आरसीए कार्यकारिणी के खिलाफ स्टेडियम निर्माण से लेकर मैच के दौरान हुए घोटाले के विरूद्ध वर्तमान आरसीए की एडहाक कमेटी ने जांच करवाते हुए 363 पेजों की आडिट रिपोर्ट के आधार पर एफआईआर दर्ज करवाई है। विगत कांग्रेस सरकार में खेलों में किये गए घोटाले से ना केवल खिलाड़ियों का नुकसान हुआ बल्कि इससे खिलाड़ियों का भविष्य भी खराब हुआ है। बिहाणी ने श्रीगंगानगर के जिला चिकित्सालय में कैंसर विंग स्थापना की स्वीकृति देने तथा कैंसर के बेहतर इलाज के लिए आधुनिक लीनियर एक्सीलेटर मशीन भी श्रीगंगानगर जिला चिकित्सालय को मिलने पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आभार जताया।




### राज्यपाल का अनादर

विधायक जयदीप बिहाणी ने विधानसभा में राज्यपाल के प्रति अनादर का मामला भी सदन में उठाया। उन्होंने कहा कि विपक्षी नेता ने उस दौरान ठुमका लगाते हुए आपका राज्यपाल बताया जबकि वे सबके राज्यपाल है। सदन में इस पर एक बार सन्नाटा छा गया।

# सम्पादकीय

## भाषा संरक्षण का सवाल

ऐसे में महाराष्ट्र सरकार का फैसला कुछ हद तक ठीक कहा जा सकता है। पर जरूरी नहीं कि हर सरकारी दफ्तर में अधिकारियों को केवल मराठीभाषी लोगों से कामकाजी संपर्क बनता हो। भाषा और जातीय अस्मिता के संरक्षण का सवाल कई बार राज्यों की राजनीति में संघीय व्यवस्था के मूल्यों से टकराने लगता है। भाषाई पहचान के आधार पर कुछ राज्यों में स्थानीय बनाम बाहरी का संघर्ष गहरे घाव छोड़ चुका है। पर अपनी भाषा की सुरक्षा, संरक्षा और संवर्धन का सरकारी दायित्व अपनी जगह बना रहता है। महाराष्ट्र सरकार का ताजा फैसला उसी दायित्व के तहत लिया गया है। महाराष्ट्र सरकार ने आदेश जारी किया है कि वहां के सभी सरकारी और अर्धसरकारी दफ्तरों में अधिकारियों को मराठी भाषा में बात करना अनिवार्य है। अगर कोई व्यक्ति इसका उल्लंघन करता पाया जाता है, तो उसके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। दरअसल, पिछले वर्ष स्वीकृत मराठी भाषा नीति में भाषा के संरक्षण, संवर्धन, प्रसार और विकास के लिए उठाए गए कदमों को आगे बढ़ाने के लिए सभी सार्वजनिक मामलों में मराठी के उपयोग की सिफारिश की गई थी। इसकी चिंता समझी जा सकती है। आज जिस तेजी से दुनिया सिकुड़ रही है, वैश्विक बाजार में भाषाई वर्चस्व महत्त्वपूर्ण हो गया है, उसमें बहुत सारी भाषाओं और बोलियों पर संकट गहरा गया है। हर वर्ष कई भाषाएं और बोलियां लुप्त हो जाती हैं। इस दृष्टि से राज्य सरकार की मराठी को लेकर चिंता उचित है। मगर, संघीय व्यवस्था में ऐसे फैसले कई बार मुश्किलें खड़ी कर देते हैं। इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि अधिकारियों की स्थानीय लोगों से निकटता उनकी भाषा के माध्यम से ही बढ़ सकती है। अक्सर बड़े अधिकारी अंग्रेजी में संवाद और कामकाज करना पसंद करते हैं, इसलिए स्थानीय लोगों को परेशानी होती है। ऐसे में महाराष्ट्र सरकार का फैसला कुछ हद तक ठीक कहा जा सकता है। पर जरूरी नहीं कि हर सरकारी दफ्तर में अधिकारियों को केवल मराठीभाषी लोगों से कामकाजी संपर्क बनता हो।

## दिल्ली आज चुनेगी अपनी सरकार

आज पांच फरवरी को देश की राजधानी दिल्ली अपनी नई सरकार चुनेगी। आम आदमी पार्टी (आप) ने सत्ता पर बने रहने के लिए अपने एकछत्र नेता अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में कसकर चुनाव प्रचार किया। उधर, भाजपा ने भी कोशिश तो पूरी की है कि दिल्ली में 1996 के बाद फिर से कमल का फूल खिले। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भाजपा कई अन्य नेता जनता से वोट मांगते रहे। पिछले दो चुनावों में सिफर रहने के बाद कांग्रेस इस बार बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद कर रही है। कांग्रेस को लगता है कि उसने कभी 15 साल तक दिल्ली पर शासन किया था और वह फिर से सरकार बनाने की ताकत रखती है। याद नहीं आता कि इस बार के चुनाव से पहले कभी पार्टियों ने जनता के सामने वादों की इतनी बौछार कर दी हो। सिर्फ आसमान से चांद-तारे लाने के अलावा इन्होंने सब वादे किए जनता से। आप ने शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा को बेहतर बनाने, औरतों को डीटीसी में मुफ्त सफर की सुविधा देते रहने के अलावा भी तमाम वादे किए। हालांकि, उसे इस बार भ्रष्टाचार के कथित आरोपों से जूझना पड़ा। उसकी साफ-सुथरी इमेज पर ग्रहण लग चुका है शराब घोटाले के कारण। अरविंद केजरीवाल ने अपने भाषणों में चुनाव को 'दिल्ली के लिए काम करने वालों और इसे नष्ट करने की कोशिश करने वालों' के बीच की लड़ाई के रूप में पेश किया। आप ने अपने पारंपरिक वोट बैंक झुग्गियों और अनधिकृत कॉलोनियों में रहने वालो खूब ध्यान केंद्रित किया। डोर-टू-डोर अभियानों और अपने विशाल स्वयंसेवी नेटवर्क के माध्यम से, आप ने सरकारी स्कूलों के परिवर्तन, मोहल्ला क्लीनिकों की सफलता और अपनी कल्याण योजनाओं की निरंतरता पर जोर दिया। उधर, भाजपा के लिए, यह चुनाव सिर्फ सीटें जीतने से कहीं अधिक है। पार्टी ने सघन चुनाव अभियान चलाया। आप के शासन में भ्रष्टाचार, घोटालों और दिल्ली और पंजाब में कथित अधूरे वादों को आक्रामक रूप से पेश किया। भाजपा के लिए प्रधानमंत्री मोदी के अलावा गृह मंत्री अमित शाह, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और कम से कम एक दर्जन केन्द्रीय मंत्री चुनाव प्रचार करते रहे। धामी ने पटपड़गंज, नई दिल्ली, करोल बाग, पटेल नगर, संगम विहार में सभाएं और रोड शो किए। इन सब सीटों में मूल रूप से देवभूमि के हजारों मतदाता रहते हैं। ये कमोबेश भाजपा के साथ हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने राजधानी भर में कई रैलियों को संबोधित किया। उनके भाषणों में केजरीवाल के शासन के दौरान हुए कथित घोटालों, वित्तीय कुप्रबंधन और रुकी हुई विकास परियोजनाओं पर फोकस था। भाजपा ने इस बार कई दिग्गज उम्मीदवारों को मैदान में उतारा - जिनमें पूर्व सांसद और प्रतिद्वंद्वी दलों से आए हाई-प्रोफाइल नेता हैं। इनमें पार्टी के पूर्व सांसद प्रवेश वर्मा और आप सरकार में परिवहन मंत्री कैलाश गौतम शामिल हैं। पार्टी ने अपने बूथ-स्तरीय जुटाव को भी मजबूत किया और केजरीवाल और उनके प्रशासन पर अपने हमलों को बढ़ाने के लिए व्यापक रोड शो आयोजित किए और एक मजबूत सोशल मीडिया अभियान चलाया। आप और भाजपा की हाई-वोल्टेज रैलियों से दूर, कांग्रेस ने एक अलग रास्ता बनाया। कांग्रेस के नेता महंगाई, प्रदूषण, बेरोजगारी और नागरिक कुप्रबंधन के बारे में बात करते रहे। दिल्ली में एक दशक से अधिक समय तक राजनीतिक बनवास झेल रही कांग्रेस के लिए राहुल गांधी और प्रियंका गांधी ने कई रैलियां की। कांग्रेस ने चुनाव से महीनों पहले दिल्ली न्याय यात्रा और मतदाताओं के साथ फिर से जुड़ने का अभियान चलाया हुआ था। कांग्रेस का मुख्य संदेश रहा है - आप और भाजपा दोनों ने दिल्ली के साथ इंसाफ नहीं किया; वही दिल्ली में विकल्प है। पर कांग्रेस सारी दिल्ली में नजर नहीं आई। कांग्रेस ज्यादा से ज्यादा दो दर्जन सीटों में मजबूती से चुनाव लड़ी। इनमें नई दिल्ली, मुस्तफाबाद, चांदनी चौक, ओखला, कस्तूरबा नगर, जंगपुरा, मादीपुर सीटें शामिल हैं। विश्वास नगर, शाहदरा, कृष्णा नगर वगैरह में कांग्रेस के पोस्टर तक नजर नहीं आए।

भाजपा को यकीन है कि बनिया, पंजाबी और मिडिल क्लास वोटर के अलावा उसे उन मतदाताओं के भी वोट मिलेंगे जो मोदी जी को अपना नेता मानते हैं। भाजपा ने इस बार झुग्गी-झोपड़ी बस्तियों और अनधिकृत बस्तियों पर भी काफी फोकस किया है। बजट में मिडिल क्लास को टैक्स में भारी छूट के बाद उनका वोट इस बार भाजपा को मिलने की संभावना जताई जा रही है। कोई माने या ना माने, पर दिल्ली पर राज करने के लिए असली लड़ाई तो आप और भाजपा में ही है। कांग्रेस अपने को फिर से दिल्ली में प्रासंगिक बनाने के लिए ही चुनाव लड़ी है। अभी के संकेतों से लग रहा है कि आप बाकी से कुछ आगे अवश्य है। पर हमने हाल के दौर में महाराष्ट्र और हरियाणा में चौंकाने वाले नतीजे आते देखे हैं। अंतिम फैसला तो आठ फरवरी को ही होना है।

विश्व जब कोरोना महामारी से ग्रसित था, तब प्रत्येक देश के सम्मुख अपने नागरिकों को बचाना एक चुनौतीपूर्ण कार्य था। ऐसे समय में भी 'जान भी - जहान भी' का उद्घोष कर अपने देश के नागरिकों को बचाते हुए कोरोना पीड़ित देशों के सहयोग का संकल्प कर 98 देशों को वैक्सीन मैत्री के अंतर्गत वैक्सीन उपलब्ध कराने का सराहनीय कार्य किया। अपने पड़ोसी देशों भूटान, बांग्लादेश, म्यांमार, नेपाल, श्रीलंका, मालदीव सहित ओमान, बहरीन, मॉरीशस, सेशेल्स और निकारागुआ को नि:शुल्क वैक्सीन उपलब्ध कराई। यह हमारी संस्कृति के आदर्श वाक्य 'सर्वे भवन्तु सुखिन:' को ही चरितार्थ करता है।

# विश्व मंच पर नरेन्द्र मोदी

देश की बागडोर 2014 में संभालने के पश्चात एक दशक की अवधि में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दुनिया के 20 देशों ने अब तक अपने सर्वोच्च नागरिक सम्मान से सम्मानित किया है। सम्मान देने वाले देशों में अमेरिका, यूरोपीय देश, रूस एवं कैरेबियाई देशों सहित अफगानिस्तान, सऊदी अरब, कुवैत जैसे मुस्लिम देश भी हैं। भारतीय लोकतंत्र में हुए समस्त प्रधानमंत्रियों की तुलना में प्रधानमंत्री मोदी जी को सर्वाधिक नागरिक सम्मान मिले हैं, जो भारत एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति विश्व में बढ़ते प्रभाव का परिचायक है।

विश्व नेतृत्व का भारत के प्रति यह आदर भाव 10 वर्ष में बढ़ती भारत की साख एवं मोदी जी के मैत्री पूर्ण व्यवहार के कारण है। प्रधानमंत्री मोदी ने पंचामृत (समृधि, सुरक्षा, सम्मान, संवाद, सभ्यता एवं संस्कृति) के आधार पर विदेश नीति का खाका तैयार किया जिसमें भारतीय हित सर्वोपरि था। अब तक दुनिया के 6 महाद्वीपों के 59 देशों की यात्रा कर भारत के साथ उन देशों के संबंध बनाने एवं भारतीय हितों को साधने का प्रयास किया है। विश्व जब कोरोना महामारी से ग्रसित था, तब प्रत्येक देश के सम्मुख अपने नागरिकों को बचाना एक चुनौतीपूर्ण कार्य था। ऐसे समय में भी 'जान भी - जहान भी' का उद्घोष कर अपने देश के नागरिकों को बचाते हुए कोरोना पीड़ित देशों के सहयोग का संकल्प कर 98 देशों को वैक्सीन मैत्री के अंतर्गत वैक्सीन उपलब्ध कराने का सराहनीय कार्य किया। अपने पड़ोसी देशों भूटान, बांग्लादेश, म्यांमार, नेपाल, श्रीलंका, मालदीव सहित ओमान, बहरीन, मॉरीशस, सेशेल्स और निकारागुआ को नि:शुल्क वैक्सीन उपलब्ध कराई। यह हमारी संस्कृति के आदर्श वाक्य 'सर्वे भवन्तु सुखिन:' को ही चरितार्थ करता है।

भारत से बाहर अन्य देशों में जाकर रहने वाले प्रवासी भारतीयों का उनके देशों के विकास में योगदान, भारत के विकास में उनकी भूमिका एवं भारतीय संस्कृति के विस्तार में योगदान अति महत्वपूर्ण कार्य है। वहां की लोकतांत्रिक प्रणाली में भी वह महत्वपूर्ण भूमिका रखते हैं। भारतीय डायस्पोरा के इस महत्व को पीएम मोदी ने समझा। इस कारण वह दुनिया के जिस देश में गए, वहां भारतीय समुदाय को संबोधित कर भारत के साथ जुड़ने का कार्य उन्होंने किया। इस कारण भारतीय समुदाय की विश्व में प्रभावी आवाज बनी। मानवीय एवं प्राकृतिक आपदाओं के समय प्रवासी भारतीयों को सुरक्षित लाने का कार्य जिस कुशलता के साथ भारत ने किया, उससे प्रत्येक प्रवासी नागरिक भारतीय होने पर गर्व का अनुभव करता है। भारत की अध्यक्षता में हुई जी-20 समिट के अवसर पर भारतीय संस्कृति का संदेश देने में भारत ने सफलता प्राप्त की। भारत के अलग-अलग शहरों में अलग-अलग विषयों पर समिट करा भारत को विश्व से जोड़ने एवं विश्व प्रतिनिधियों को भारत में जी-20 के अवसर पर मिले आदरपूर्ण व्यवहार ने विश्व को प्रभावित करने का कार्य किया। अफ्रीकी यूनियन के देशों को जी-20 में स्थाई सदस्यता दिलाने का ऐतिहासिक कार्य मोदी जी ने किया। विकास की दौड़ में पिछड़े हुए ग्लोबल साउथ के देशों की आवाज को मुखर करने का कार्य प्रधानमंत्री मोदी ने किया। पाकिस्तान से आतंकवादी हमला होने पर सर्जिकल स्ट्राइक एवं एयर स्ट्राइक करके हमने विश्व में सक्षम एवं शक्तिशाली देश की छवि बनाने में सफलता प्राप्त की है। आतंकवाद अच्छा या बुरा नहीं होता, केवल आतंकवाद ही होता है और यह मानवता के लिए खतरा है, यह बात संपूर्ण विश्व को समझाने में पीएम मोदी ने सफलता प्राप्त की है। वैश्विक समस्याओं जलवायु परिवर्तन जैसे विषयों पर पहल एवं भारत की अग्रणी भूमिका, आर्थिक दृष्टि से सक्षम भारत बनाने के लिए आत्मनिर्भरता आदि के कारण भारत की विश्वसनीय देश की छवि बनी है। प्रधानमंत्री मोदी का प्रत्येक समस्या पर सकारात्मक एवं शांतिपूर्ण समाधान कारक दृष्टिकोण होने के कारण सभी समस्याओं के समाधान में भारत की भूमिका है, यह दुनिया का प्रत्येक नेता मानता है। यूक्रेन-रूस में मोदी ही समझौता करा सकते हैं, ऐसा युद्धरत देशों का यह विश्वास इसका प्रत्यक्ष उदाहरण है। हमने विश्व को युद्ध नहीं बुद्ध दिया है। यह मार्ग ही



विश्व में शांति ला सकता है। प्रत्येक समस्या का समाधान युद्ध से नहीं संवाद से ही संभव है, यही प्रधानमंत्री मोदी का संदेश है। गरीब कल्याण की लिए मोदी सरकार की लोक कल्याणकारी नीतियां, विश्व स्तरीय बनता हमारा ढांचागत विकास, उभरती अर्थव्यवस्था एवं विकसित भारत का हमारा संकल्प इन्हीं सबने प्रधानमंत्री मोदी को विश्व के अग्रणी नेताओं की प्रथम पंक्ति में लाकर खड़ा किया है। दुनिया के अलग-अलग देशों से मिलने वाले सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार उनकी वैश्विक छवि पर सशक्त हस्ताक्षर हैं। भविष्य का भारत विकास एवं विरासत के आधार पर खड़ा होकर विश्व को आलोकित करेगा, यह विश्वास है।

## छोटे-छोटे संकल्प बढ़ाते हैं आत्मविश्वास

जिस प्रकार किसी भी पूजा को प्रारंभ करने से पूर्व हाथ में जल लेकर संकल्प लिया जाता है उसी प्रकार किसी भी कार्य को करने के लिए उसे करने का संकल्प लिया जाता है। बगैर संकल्प हम आगे नहीं बढ़ सकते हैं। संकल्प लेने के लिए इच्छाशक्ति की जरूरत होती है। संकल्प के पश्चात प्रयास प्रारंभ होते हैं। जब संकल्प दृढ़ होता है तो प्रयास को हिम्मत मिलती है, विजय की राह आसान हो जाती है। हमारी सफलता हमारे संकल्प पर निर्भर करती है। हम जितना भरोसा अपने संकल्प पर करेंगे उसी अनुपात में हमें सफलता प्राप्त होगी। यदि हमारा संकल्प विजय का है तो हमारी सफलता भी निश्चित है। संकल्प सकारात्मक ऊर्जा के रूप में सह प्रेरक का काम करता है। जीवन में छोटे-छोटे संकल्प लेते रहना चाहिए। जब हम छोटे-छोटे संकल्पों को पूर्ण करते हैं तो आत्मविश्वास और हमारी क्षमता में वृद्धि होती है। दृढ़ संकल्प में असीम शक्ति होती है, जो व्यक्ति को किसी भी प्रकार की बाधाओं से जूझने में सक्षम बनाती है। हालांकि, संकल्प लेकर उन्हें भूलना भी आम बात है। अक्सर हम देखते हैं कि नशे के आदी लोग रोज संकल्प लेते हैं कि वे अब आगे से नशा नहीं करेंगे, किंतु वे ऐसा नहीं कर पाते हैं, क्योंकि उनके संकल्प में दृढ़ता की कमी होती है। दृढ़ संकल्प शक्ति जीवन में सफलता प्राप्त करने का मूल मंत्र है। जो संकल्प के साथ जीता है वह साधक होता है। कहते हैं कि एक सफल और असफल व्यक्ति के बीच में न तो योग्यता का अंतर होता है और न ही ज्ञान का, बल्कि अंतर है तो केवल दृढ़ संकल्प का और यही निर्णायक सिद्ध होता है।

## मित्रता मुश्किल समय के लिए एक भरोसा

रामायण में हनुमान जी ने श्रीराम और सुग्रीव की मित्रता करवाई थी। पहली मुलाकात में श्रीराम ने सुग्रीव से कहा कि मैं मेरी पत्नी सीता को खोज में जंगल-जंगल भटक रहा हूं, लेकिन आप तो राजा हैं। आप जंगल में क्यों रह रहे हैं? पहले सब ठीक था, लेकिन एक दिन हमारे राज्य में एक राक्षस आ गया तो बालि उसे मारने गया। सुग्रीव ने श्रीराम से अपना सारा वृतांत बताया कि कैसे भाई को गलतफहमी हुई। श्रीराम ने सुग्रीव की पूरी बात सुनी और कहा कि ठीक है मैं आपकी मदद करूंगा। पहले तो सुग्रीव को श्रीराम पर भरोसा नहीं हुआ। वह सोचने लगा कि बालि तो इतना बलवान है, राम उसे कैसे मार सकते हैं? ये कैसे मेरी मदद कर पाएंगे? सुग्रीव के चेहरे पर संदेह देखकर श्रीराम ने कहा कि सुग्रीव, अब मैं तुम्हारा मित्र हूं। मित्र के छह गुण हैं। पहला, अपने दोस्त के दुख में दुखी होना। दूसरा, मित्र के दुख को दूर करने का प्रयास करना। तीसरा, मित्र को गलत रास्ते पर जाने से रोकना। चौथा, लेन-देन के समय शंका न करना। पांचवां, हमेशा दोस्त का भला करना और छठा गुण है, विपत्ति के समय दोस्त के साथ खड़े रहना। ये सभी अच्छे मित्र के लक्षण हैं और तुम मुझे अपना मित्र समझ सकते हो। श्रीराम की बातें सुनकर सुग्रीव को उनकी बातों पर भरोसा हो गया। इसके बाद सुग्रीव ने भी सीता की खोज में मदद करने का वचन दिया। दोनों मित्रों ने एक-दूसरे की परेशानी को हल करने का संकल्प लिया।

# पास्ता ज्यादा हेल्दी है या चावल

जब भी खाने की बात होती है तो चावल का जिक्र जरूर होता है। साथ ही पास्ता भी हमारी रसोई में एक खास जगह रखता है। ये दोनों ही बेहद स्वादिष्ट और आसानी से उपलब्ध होने वाले फूड हैं। हर किसी को पसंद आने वाले ये दोनों फूड कई अलग-अलग तरीकों से तैयार किए जाते हैं। चावल एक पारंपरिक और लोकप्रिय भोजन है, जो करीब दस हजार सालों से इंसानों का पसंदीदा भोजन रहा है। वहीं पास्ता भी अपने स्वाद को लेकर काफी खूब पसंद किया जाता है और एक हजार साल से अधिक समय से इंसानों की रसोई में अपनी जगह रखता है। हालांकि, इन दोनों में से किसी एक को चुनने का सवाल हो, तो आप झट से अपनी पसंद के अनुसार जवाब देंगे। लेकिन अगर सवाल को थोड़ा-सा बदल दिया जाए और आप से यह पूछा जाए कि चावल और पास्ता में हेल्थ के लिहाज से क्या बेहतर है? तो क्या आप जवाब दे पाएंगे? हममें से अधिकांश को यह बात नहीं पता है कि चावल खाना हमारे हेल्थ के लिए अधिक फायदेमंद है या पास्ता। आमतौर पर, हमें पेट भरने के लिए जो भी मिलता है, खा लेते हैं। हमारे हेल्थ के लिए क्या अधिक फायदेमंद है, इस बारे में कम ही सोचते हैं। चावल और पास्ता दोनों ही लोकप्रिय हैं, लेकिन स्वास्थ्य के नजरिए से देखें तो ब्राउन राइस ज्यादा फायदेमंद होता है। इसमें अधिक फाइबर, विटामिन और खनिज होते हैं, जो पाचन को बेहतर बनाने में मदद करते हैं। वहीं सफेद चावल का ग्लाइसेमिक इंडेक्स 70 होता है। इसे खाने से ब्लड शुगर लेवल बढ़ सकता है। चावल डायबिटीज के मरीजों के लिए नुकसानदेह हो सकता है। जबकि गेहूं से बने पास्ता में न्यूट्रिएंट्स की कमी होती है। वहीं मल्टीग्रेन या मिलेट्स से तैयार किया गया पास्ता हेल्दी होता है। इसे हरी सब्जियों के साथ पकाया जाए तो फाइबर, विटामिन्स और कई सारे हेल्दी न्यूट्रिएंट्स भी मिलते हैं। अगर आप हेल्थ को लेकर सचेत रहते हैं तो ब्राउन राइस



और हरी सब्जियों के साथ तैयार किया गया मल्टीग्रेन पास्ता हेल्दी ऑप्शन है। अगर आपके शरीर को ज्यादा एनर्जी की जरूरत है तो व्हाइट राइस या ब्राउन राइस बेहतर ऑप्शन है। स्ट डिपार्टमेंट ऑफ एग्रीकल्चर के अनुसार, 100 ग्राम ब्राउन राइस और व्हाइट राइस में 78 ग्राम कार्बोहाइड्रेट होता है, जबकि 100 ग्राम पास्ता में कार्ब की मात्रा 71.5 ग्राम होती है। फाइबर की बात करें, तो 100 ग्राम मल्टीग्रेन पास्ता में 10 ग्राम से अधिक फाइबर हो सकता है। जबकि 100 ग्राम ब्राउन राइस में 4 ग्राम और व्हाइट राइस में सिर्फ 0.4 ग्राम फाइबर होता है। ऐसे में फाइबर रिच डाइट के लिए पास्ता बेहतर विकल्प है। ब्राउन राइस और पास्ता में कैलोरी के मामले में ज्यादा अंतर नहीं है। 100 ग्राम ब्राउन राइस में 360 कैलोरी होती है, जबकि सामान्य पास्ता में 357 कैलोरी होती है। प्रोटीन के मामले में पास्ता, चावल की तुलना में अधिक बेहतर है। अगर आप मसल्स बनाने पर ध्यान दे रहे हैं, स्पोर्ट्स एक्टिविटी में हिस्सा लेते हैं तो पास्ता का चुनाव करना चाहिए। डिपार्टमेंट ऑफ एग्रीकल्चर के अनुसार, 100 ग्राम मल्टीग्रेन पास्ता से 12.5 ग्राम प्रोटीन मिल सकता है, जबकि ब्राउन राइस में 8 ग्राम और व्हाइट राइस 2.5 ग्राम प्रोटीन होता है। पास्ता के 100 ग्राम के बाउल में कैल्शियम (36 एमजी), आयरन (3.21 एमजी) और मैग्नीशियम की मात्रा (107 एमजी) होती है। हालांकि, 100 ग्राम ब्राउन राइस में मैग्नीशियम (120 एमजी) की मात्रा पास्ता की तुलना में अधिक होती है, जबकि ब्राउन राइस में कैल्शियम नहीं पाया जाता है। न्यूट्रिशनिस्ट और डाइटेटिक्स डॉ. अमृता मिश्रा बताती हैं कि फाइबर और प्रोटीन रिच होने की वजह मल्टीग्रेन पास्ता खाने के बाद पेट देर तक भरा हुआ महसूस होता है, जिससे वजन कंट्रोल करने में मदद मिलती है। वहीं अगर आप महीन पिसे हुए आटे यानी मैदे से बना पास्ता खाते हैं तो वह हर लिहाज से नुकसानदायक ही है। हालांकि, पास्ता रोज खाने के बजाय एक दिन के अंतराल पर खाना चाहिए। वहीं, ब्राउन राइस ग्लूटेन-फ्री होता है। ऐसे में यह ग्लूटेन सेंसिटिव लोगों के लिए बेहतर डाइट है। ब्राउन राइस सुपाच्य होता है और पेट के हेल्थ के लिए अच्छा होता है। चावल और पास्ता में हरी सब्जियां और सलाद शामिल करके इसे हेल्दी बनाया जा सकता है। जैसे चावल पकने के बाद इसमें धनिया की हरी पत्तियां काटकर डाल सकते हैं। साथ ही जीरा और घी के साथ फ्राई कर सकते है। इससे हम चावल को हेल्दी और टेस्टी बना सकते हैं। साथ ही पास्ता को हरी सब्जियां मिलाकर पका सकते हैं। सब्जियों के साथ पास्ता खाने में स्वादिष्ट होने के साथ हमारे हेल्थ के लिए लाभदायक होगा। यहां न्यूट्रिशन का एक बेसिक साइंस समझने की जरूरत है। आप अपने स्वाद और सेहत की जरूरत के मुताबिक चाहे पास्ता खा रहे हों या चावल, लेकिन बुनियादी तौर पर यह कार्ब ही है। कार्ब सेहत के लिए एक जरूरी तत्व है, लेकिन अकेला कार्ब काफी नहीं। संतुलन के लिए जरूरी है कि इसके साथ दूसरे न्यूट्रिएंट भी मिलाए जाएं, जो हमें फलियों, हरी सब्जियों और क्रूसीफेरस वेजीटेबल्स से मिलते हैं। तो चाहे पास्ता हो या चावल, अगर आप इसे ढेर सारी सब्जियों और हेल्दी फैट के साथ मिक्स करके खाते हैं तो यह हेल्थ के लिए अच्छा है। अगर फ्राइड राइस तैयार कर रहे हैं तो सब्जियों और टोफू साथ फ्राई करें। राइस बाउल में दाल और ग्रीन वेजिटेबल्स शामिल करें। अगर पका हुआ चावल खा रहे है तो दूध और बादाम के साथ खा सकते हैं। साथ ही ब्रेकफास्ट में दही और चावल ट्राई कर सकते हैं। नाश्ते में पास्ता सलाद के साथ बनाएं, जिसमें ऑलिव ऑयल और ताजी हरी सब्जियां डालें। पास्ता में शिमला मिर्च, पत्ता गोभी, टमाटर, गाजर, ब्रोकली और अन्य सब्जियां डाल सकते हैं। प्रोटीन के लिए मल्टीग्रेन या बेसन से बने पास्ता का इस्तेमाल करें। मल्टीग्रेन पास्ता में प्रोटीन के साथ अन्य कई सारे न्यूट्रिएंट्स भी मिलते हैं। चावल और पास्ता के इस मुकाबले में न तो कोई खराब है और नहीं कोई बेहतर।

जनमार्ग

सिटी न्यूज

श्रीगंगानगर, गुरुवार, 06 फरवरी 2025



JANMARG news

जनमार्ग

# तालिबान में 'जंग', हिबतुल्लाह अखुंदजादा ने काबुल पर किया कब्जा

## ❑ देश छोड़कर भागा सिराजुद्दीन हक्कानी

जनमार्ग न्यूज

**काबुल।** तालिबान का आंतरिक असंतोष अब खुलकर सामने आ गया है। तालिबान के सर्वोच्च नेता हिबतुल्लाह अखुंदजादा ने काबुल में बाला हिसार किले और काबुल अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे सहित प्रमुख रणनीतिक स्थानों पर अपने वफादार बलों को तैनात किया है। पहले इन जगहों की सुरक्षा की जिम्मेदारी हक्कानी नेटवर्क के पास थी। हक्कानी नेटवर्क तालिबान का ही एक हिस्सा है, लेकिन इसका नेतृत्व सिराजुद्दीन हक्कानी करता है। सिराजुद्दीन हक्कानी तालिबान सरकार में आंतरिक मंत्री है। वह एक महीने पहले संयुक्त अरब अमीरात और सऊदी अरब के दौरे पर गया था और तब से अफगानिस्तान नहीं लौटा है।

**पाकिस्तान का करीबी है सिराजुद्दीन हक्कानी:** इस घटना को तालिबान में अखुंदजादा के नेतृत्व वाले कंधार गुट और सिराजुद्दीन हक्कानी के नेतृत्व के बीच बढ़ती दरार के तौर पर देखा जा रहा है। ये दोनों तालिबान के आंतरिक सत्ता संघर्षों के केंद्र में रहे हैं। इनमें हक्कानी गुट को पाकिस्तान का खुला समर्थन हासिल है। वहीं, कंधार गुट पाकिस्तान की मुखालफत करता है। ऐसी भी आशंका है कि इस संघर्ष में पाकिस्तान का भी हाथ हो सकता है, क्योंकि उसके शह पर हाल में ही सिराजुद्दीन हक्कानी ने संयुक्त अरब अमीरात और सऊदी अरब




का दौरा किया था, जिस पर कंधार गुट ने तीखी प्रतिक्रिया दी थी।

**काबुल में तनाव:** काबुल के निवासियों ने बताया कि शहर में तालिबान की चौकियां लगातार बढ़ रही हैं और माहौल तनावपूर्ण होता जा रहा है। काबुल निवासी नूर मोहम्मद ने कहा, तालिबान लड़ाके हर कुछ कदम पर लोगों को रोक रहे हैं, उनसे पूछताछ कर रहे हैं और इससे व्यापक चिंता पैदा हो रही है। उन्होंने कहा, पिछले कुछ दिन बहुत असामान्य रहे हैं। तालिबान तनाव में है और सुरक्षा कमजोर लग रही है। लोग इस बात को लेकर चिंतित हैं कि आगे क्या होने वाला है।

**हक्कानी नेटवर्क को कमजोर करने की तैयारी:** सुरक्षा उपायों में यह वृद्धि तालिबान के भीतर गुटों के बीच व्यापक सत्ता संघर्ष के बीच की गई है। कंधार और काबुल के सूत्रों का सुझाव है कि अखुंदज़ादा द्वारा अपने वफादारों को तैनात करने का निर्णय हक्कानी नेटवर्क के प्रभाव को कमज़ोर करने के प्रयास का हिस्सा है, जिसने ऐतिहासिक रूप से इन क्षेत्रों को नियंत्रित किया है। कंधार के एक सूत्र ने कहा, हिबतुल्लाह की सेना ने काबुल के हवाई अड्डे और बाला हिसार पर कब्ज़ा कर लिया है, जो क्षेत्र पहले हक्कानी नेटवर्क के नियंत्रण में थे। वह अमेरिका द्वारा आपूर्ति किए गए हथियार भी इकट्ठा कर रहा है।

**सिराजुद्दीन हक्कानी लापता:** तालिबान के आंतरिक मंत्री और हक्कानी नेटवर्क के नेता सिराजुद्दीन हक्कानी की अनुपस्थिति से आंतरिक तनाव और बढ़ गया है, जो संयुक्त अरब अमीरात और सऊदी अरब की यात्रा करने के बाद भी अफगानिस्तान नहीं लौटा है। हक्कानी की लगातार अनुपस्थिति ने तालिबान शासन में उसकी स्थिति के बारे में अटकलों को हवा दी है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि तालिबान के भीतर बढ़ते आंतरिक विभाजन, सरकारी कर्मचारियों के अवैतनिक वेतन और मुद्रा विनिमय बाजार पर बढ़ते प्रतिबंधों के कारण जनता में असंतोष बढ़ रहा है।

## तीन दिवसीय नि:शुल्क स्त्री रोग, प्रसूति रोग एवं नि:संतानता परामर्श शिविर 7 फरवरी तक

**सूरतगढ़ ( जनमार्ग न्यूज )।** अपेक्स सूरतगढ़ मल्टी स्पेशियलिटी अस्पताल में तीन दिवसीय नि:शुल्क स्त्री रोग, प्रसूति रोग एवं नि:संतानता परामर्श शिविर का आयोजन किया जाएगा। सूरतगढ़ के एपेक्स सूरतगढ़ मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पीटल के प्रवक्ता पारस तिवाड़ी ने कहा तीन दिवसीय महिला रोग नि:शुल्क परामर्श शिविर का आयोजन 5, 6 व 7 फरवरी 2025 को सुबह 10ः00 बजे से दोपहर 3ः00 बजे तक किया जाएगा । शिविर में स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डा. ज्योति वर्मा अपनी नि:शुल्क सेवाए प्रदान करेंगी। हॉस्पीटल प्रबन्ध निर्देशक डॉ0 अरविन्द बंसल ने बताया कैम्प में ए.एन.सी. (प्रसव पूर्व देखभाल), महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण, स्त्रियों में माहवारी सम्बंधित बीमारियों का ईलाज, रजोनिवृति की समस्याएं, बार-बार गर्भपात होना आदि बीमारियों का नि:शुल्क परामर्श दिया जायेगा, कैम्प में आने वाली सभी महिलाओ की सभी जांचों व ऑपरेशन में 20त्र की छूट दी जाएगी हॉस्पिटल पीआरओ पारस तिवाडी ने बताया कि हॉस्पीटल में मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना, आर.जी.एच.एस., इ0एस0आई0सी0 व अन्य प्रमुख प्राइवेट बीमा कंपनियों के कार्ड धारको का ईलाज भी कैश लेस किया जाता है।

# एलआईसी कर्मचारियों ने 100 प्रतिशत एफडीआई करने के विरोध में किया प्रदर्शन

## राष्ट्रीय वित्तीय संप्रभुता पर गंभीर खतरा उत्पन्न होने के कारण केन्द्र सरकार से जनविरोधी निर्णय को वापिस लेने की मांग की



जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** भारतीय जीवन बीमा निगम शाखा प्रथम व द्वितीय, श्रीगंगानगर में मंगलवार को अखिल भारतीय बीमा कर्मचारी संघ (एआईआईईए) के राष्ट्रव्यापी आह्वान पर बीमा कर्मचारियों ने केन्द्र सरकार द्वारा बीमा क्षेत्र में 100 प्रतिशत एफडीआई करने के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया। नॉर्दन जॉन इंश्योरेंस एम्पलाइज एसोसिएशन शाखा द्वितीय श्रीगंगानगर अध्यक्ष कृष्ण राम व राजकुमार गोस्वामी ने बताया कि केंद्रीय बजट में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा बीमा क्षेत्र में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) की सीमा बढ़ाकर 100 प्रतिशत करने से बीमा कर्मचारियों में भारी आक्रोश देखने को मिला तथा कर्मचारियों ने इस निर्णय के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों को सम्बोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि बीमा क्षेत्र में एफडीआई सीमा 100 प्रतिशत करने का यह निर्णय न केवल घरेलू बीमा कंपनियों और पॉलिसीधारकों के हितों के लिए हानिकारक है, बल्कि राष्ट्रीय वित्तीय संप्रभुता पर भी गंभीर खतरा उत्पन्न करता है। इससे देश के वित्तीय संसाधनों पर बाहरी नियंत्रण मजबूत होगा तथा बीमा उद्योग पर दीर्घकालिक नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। इसलिए केन्द्र सरकार द्वारा अविलम्ब इस जनविरोधी निर्णय को वापिस लिया जाए। इस अवसर पर नॉर्दन जॉन इंश्योरेंस एम्पलाइज एसोसिएशन शाखा प्रथम व द्वितीय तथा अखिल भारतीय बीमा कर्मचारी संघ (एआईआईईए), श्रीगंगानगर पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित थे।

जनमार्ग पढ़ें
ताजा खबरें
ज्यादा खबरें

# बेटियों ने पिता को दी मुखाग्नि



जनमार्ग न्यूज

**सूरतगढ़।** पिता की मौत पर पुत्रियों ने शव यात्रा में कंधा देकर मुखाग्नि देकर अंतिम संस्कार किया। शिव मंदिर के पास वार्ड नंबर 5 निवासी बलवान वर्मा की बीमारी के दौरान मंगलवार सुबह मौत होने पर पुत्रियों के आने पर पुत्री संतोष, कांता, निशा, पूनम, वंदना, अनु और शालू ने अंतिम क्रिया कर्म की रस्म अदा करके शव यात्रा में अर्थी को कंधा देकर मुख्य कल्याण भूमि में मुखाग्नि देकर अंतिम संस्कार किया। शव यात्रा में पारिवारिक रिश्तेदार व वार्ड के प्रमुख लोग शामिल हुए।

# साइकिल सवार मासूम को बाइक सवार ने मारी टक्कर

## घायल को निजी वाहन से गंगानगर किया रेफर

जनमार्ग न्यूज



**चूनावढ़।** चूनावढ़ कस्बे में रामलीला ग्राउंड के नजदीक मंगलवार दोपहर लगभग 12ः30 बजे साइकिल सवार मासूम बच्चें को बाइक सवार ने टक्कर मारकर घायल कर दिया और बाइक सवार घायल बच्चे को वहां छोड़कर भाग गया। घायल अवस्था में पड़े नवनीत उम्र 10 साल पुत्र संदीप सिंह वार्ड नंबर 13 चूनावढ़ को वहां से गुजर रहे ट्रैक्टर ट्राली राहगीरों ने घायल बच्चे को नजदीकी अस्पताल पहुंचाया। जहां घायल बच्चे को प्राथमिक उपचार के बाद किया श्रीगंगानगर रैफर कर दिया गया। बच्चे के सिर में अंदरूनी चोटें बताई जा रही है।

# श्री गुरु रविदास गुरुद्वारा में सहज पाठ का शुभारंभ



जनमार्ग न्यूज

**चूनावढ़।** कस्बे के श्री गुरु रविदास गुरुद्वारा में मंगलवार को सहज पाठ का शुभारंभ किया गया।

पाठी गुरप्रीत सिंह ने गुरु अरदास कर संगत में देग बरताई श्री रविदास गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सदस्य सोनू जेएमडी ने बताया कि 8 फरवरी को चोला साहब की सेवा होगी पांच प्यारों की अगुवाई में गुरु ग्रंथ साहब पालकी में विराजमान गुरु ग्रंथ साहिब भव्य नगर कीर्तन 11 फरवरी को चुनावढ के श्री गुरु रविदास गुरु द्वारा से रवाना होकर कस्बे के मेंन बाजार व बस स्टैंड से होते हुए चक 10 एल एल से होते हुए वापस गुरुद्वारा पहुंचेगा। इस भव्य नगर कीर्तन में जत्थेदार भाई बाज सिंह जी केसरी सिंह पुर वाले गुरु जस सुना कर संगत को निहाल करेंगे 12 फरवरी को सहज पाठ का भोग पड़ेगा। इस दौरान बिदर सिंह जी खालसा रोड वाली हरियाणा द्वारा शब्द कीर्तन से संगत को निहाल करेंगे। इस दौरान गुरु का अटूट लंगर बरतेगा इस अवसर पर लाभ सिंह कुलदीप सिंह विजय कुमार जसवंत सिंह दर्शन सिंह सहित अन्य सेवादार मौजूद थे।

# विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर जन जागरूकता सेमिनार का हुआ आयोजन

## दिनचर्या और खानपान को बदलने की है जरूरत: काउंसलर दीपक शर्मा

**सूरतगढ़ ( जनमार्ग न्यूज )।** विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सूरतगढ़ के एनसीडी क्लीनिक और शहीद भगत सिंह डिफ़ेंस एकेडमी फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में कैंसर रोग के प्रति जन जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एनसीडी काउंसलर दीपक शर्मा ने कैंसर के प्रकार और सामान्य लक्षणों के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि जागरूकता के अभाव में कैंसर रोगी बढ़ रहे हैं जो चिंताजनक है साथ ही हमारी दिनचर्या और खानपान के बदलने से और नशे की प्रवृत्ति बढ़ने से कैंसर रोगियों की संख्या में बढ़ोतरी हो रही है। श्री शर्मा ने कहा कि समय-समय पर स्वास्थ्य परीक्षण करवा कर और चिकित्सक की सलाह का अनुसरण कर कैंसर रोग को बढ़ने से रोका जा सकता है। कैंसर रोग के अनेक ऐसे उदाहरण है जिन्होंने कैंसर को मात देकर आज स्वस्थ जीवन जी रहे हैं। सेमिनार के अंत में अकादमी के कोच सलीम अली ने काउंसलर दीपक शर्मा का आभार व्यक्त करते हुए कहा की इस प्रकार के जन जागरूकता सेमिनार होते रहने चाहिए ताकि युवा बीमारियों के प्रति सजग बन सकें और नशे की प्रवृत्ति से दूर रहकर स्वस्थ जीवन जी सकें।



# आदर्श बाल निकुंज विद्यालय का वार्षिकोत्सव हर्षोल्लास के साथ संपन्न

जनमार्ग न्यूज

**हनुमानगढ़।** जंक्शन स्थित आदर्श बल निकुंज उच्च माध्यमिक विद्यालय का वार्षिकोत्सव समारोहपूर्वक संपन्न हुआ। इस भव्य आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में अतिरिक्त जिला कलेक्टर उम्मेदिलाल मीणा उपस्थित रहे। उनके साथ प्राइवेट कॉलेज एसोसिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष तरुण विजय, पार्षद नगीना बाई, पार्षद गुरदीप सिंह बराड़ बब्बी, असिस्टेंट जॉइंट टैक्स कमिश्नर रवि दाधीच, जेसीटीओ नितिन चुघ, सीडीईओ पन्नालाल कड़ेला, डीओ हंसराज जाजेवाल, चाणक्य क्लासेस के निर्देशक राज तिवाड़ी, समाजसेवी गुरविंदर शर्मा एवं विप्र समाज की पूनम शर्मा विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के संस्थापक सदस्य गुरप्रीत सिंह अक्कू ने की। समारोह की शुरुआत में अतिथियों ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके पश्चात विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा गणेश वंदना की शानदार प्रस्तुति दी गई, जिसने उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया।

विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने हिंदी, पंजाबी, राजस्थानी और देशभक्ति गीतों पर नृत्य एवं संगीत की प्रस्तुतियां दीं। विद्यार्थियों के सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने समारोह में उपस्थित दर्शकों का मन मोह लिया। खासतौर पर देशभक्ति गीतों पर प्रस्तुत किए गए नृत्य और नाट्य मंचन ने सभागार में जोश भर दिया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने सामाजिक मुद्दों पर आधारित लघु नाटिका भी प्रस्तुत की, जिसमें नशामुक्ति, महिला सशक्तिकरण, शिक्षा के महत्व एवं पर्यावरण संरक्षण जैसे विषयों को प्रभावी ढंग से दर्शाया गया।

# मिड डे मील वर्कर यूनियन सीटू की बैठक संपन्न, 6 को प्रदर्शन का ऐलान

जनमार्ग न्यूज

**हनुमानगढ़।** राजस्थान मिड डे मील वर्कर यूनियन सीटू की एक महत्वपूर्ण बैठक आज भगत सिंह यादगार केंद्र, लाल चौक पर आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता यूनियन की जिला अध्यक्ष कामरेड चंद्र कला वर्मा ने की। इस अवसर पर यूनियन के राज्य महासचिव कामरेड बाबूलाल लुगरिया, राज्य उपाध्यक्ष कामरेड सुमित्रा चोपड़ा, मजदूर नेता कामरेड रामेश्वर वर्मा, जिला अध्यक्ष कामरेड आत्मा सिंह, जिला महासचिव कामरेड शेर सिंह शाक्य और जिला कोषाध्यक्ष कामरेड बहादुर सिंह चौहान मुख्य रूप से उपस्थित रहे। बैठक के दौरान मिड डे मील वर्करों की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की गई। वक्ताओं ने वर्करों के न्यूनतम वेतन, नियमितीकरण, सामाजिक सुरक्षा और कामकाजी परिस्थितियों को बेहतर बनाने की मांग पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि मिड डे मील वर्कर देश की शिक्षा और पोषण योजनाओं की रीढ़ हैं, लेकिन इसके बावजूद उन्हें बेहद कम वेतन और सुविधाएं दी जाती हैं। बैठक में संगठन को मजबूत करने और वर्करों के अधिकारों के लिए तीखा संघर्ष करने की रणनीति बनाई गई। इस क्रम में संयोजक मंडल का गठन किया गया। पुष्पा देवी (चक ज्वाला सिंह वाला) को संयोजक और सरिता सोनी को सह संयोजक नियुक्त किया गया। बैठक में सगीता देवी, पुष्पा देवी, रितू देवी, सुमन, सीता देवी, प्रकाश कौर, जसवीर कौर, मरियम बेगम, जसपाल कौर, विधा देवी, रिता देवी, रविता देवी और नेवल विधा देवी सहित कई सदस्य उपस्थित रहीं। सभी ने मिड डे मील वर्करों के अधिकारों के लिए एकजुट होकर संघर्ष करने का संकल्प लिया।

बैठक के अंत में यह निर्णय लिया गया कि 6 फरवरी 2025 को मिड डे मील वर्करों की समस्याओं के समाधान हेतु जिलाधीश कार्यालय पर प्रदर्शन किया जाएगा और एक ज्ञापन सौंपा जाएगा। इस प्रदर्शन का उद्देश्य सरकार का ध्यान मिड डे मील वर्करों की समस्याओं की ओर आकर्षित करना और उनके अधिकारों की मांग को मजबूती से उठाना है। सभी उपस्थित सदस्यों ने प्रदर्शन को सफल बनाने के लिए अधिक से अधिक वर्करों को जोड़ने और इसे जन आंदोलन का रूप देने का आह्वान किया। बैठक के दौरान कामरेड बाबूलाल लुगरिया और अन्य नेताओं ने वर्करों को प्रेरित करते हुए कहा कि उनके संघर्ष से ही उनकी मांगों को पूरा कराया जा सकता है। यह बैठक मिड डे मील वर्करों के बीच एक नई ऊर्जा और एकजुटता का संदेश लेकर आई।

# राष्ट्रपति भवन में पहली शादी! कौन हैं पूनम गुप्ता?





**नई दिल्ली।** देश के गौरवशाली राष्ट्रपति भवन में पहली बार एक विवाह समारोह आयोजित होने जा रहा है। सीआरपीएफ असिस्टेंट कमांडेंट पूनम गुप्ता की शादी का गवाह देश का राष्ट्रपति भवन बनने जा रहा है। पूनम गुप्ता वर्तमान में राष्ट्रपति भवन में पर्सनल सिक्योरिटी ऑफिसर के रूप में तैनात हैं। वह सीआरपीएफ अफसर अवनीश कुमार संग 12 फरवरी 2025 को सात फेरे लेंगी। यह यादगार आयोजन मदर टेरेसा क्राउन कॉम्प्लेक्स में होगा। यहां दोनों के परिजन ही शामिल होंगे।

राष्ट्रपति भवन पहली बार बनेगा शादी का साक्षी

अब तक राष्ट्रपति भवन में केवल महत्वपूर्ण सरकारी कार्यक्रम और अंतरराष्ट्रीय मेहमानों का स्वागत होता रहा है। लेतकिन वेडिंग इन राष्ट्रपति भवन की यह ऐतिहासिक अनुमति राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने दी। राष्ट्रपति ने अपने पीएसओ पूनम गुप्ता की अनुशासनप्रियता और कर्तव्यनिष्ठा को सम्मान देने के रूप में यह निर्णय लिया।

दरअसल, भारत के राष्ट्रपति का आधिकारिक निवास, राष्ट्रपति भवन, देश की सबसे प्रतिष्ठित आर्किटेक्चरल लैंडमार्क्स में शामिल है। सर एडविन लुटियंस द्वारा डिज़ाइन किए गए इस विशाल परिसर का कुल क्षेत्रफल 300 एकड़ है। मुख्य भवन 200,000 वर्ग फीट में फैला हुआ है, जिसमें 340 कमरे हैं। यह दुनिया में किसी भी राष्ट्राध्यक्ष का दूसरा सबसे बड़ा निवास है, पहले स्थान पर इटली का क्विरीनल पैलेस आता है।

**पूनम गुप्ता नक्सल क्षेत्र में भी कर चुकी हैं काम**

सीआरपीएफ अफसर पूनम गुप्ता का नाम तब राष्ट्रीय सुर्खियों में आया जब उन्होंने 74वें गणतंत्र दिवस पर ऑल-वुमेन कॉन्टिन्जेंट का नेतृत्व किया था। इससे पहले वे बिहार के नक्सल प्रभावित क्षेत्र में तैनात रह चुकी हैं।

पूनम ने जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर से गणित में स्नातक, अंग्रेज़ी साहित्य में परास्नातक किया है। उन्होंने बी.एड. की डिग्री भी हासिल की है। 2018 में यूपीएससी सीएपीएफ परीक्षा में 81वीं रैंक हासिल कर उन्होंने सीआरपीएफ में असिस्टेंट कमांडेंट के रूप में अपनी सेवा शुरू की थी।

**कौन हैं पूनम गुप्ता के जीवनसाथी?**

पूनम गुप्ता के मंगेतर अवनीश कुमार भी सीआरपीएफ असिस्टेंट कमांडेंट हैं। इस समय वह जम्मू-कश्मीर में तैनात हैं।

**सोशल मीडिया पर सक्रिय हैं पूनम गुप्ता?**

पूनम गुप्ता सोशल मीडिया, खासकर इंस्टाग्राम पर काफ़ी सक्रिय हैं। वे अक्सर अपने कार्यक्षेत्र की झलकियां और मोटिवेशनल पोस्ट साझा करती हैं। अब यह देखना दिलचस्प होगा कि क्या उन्हें राष्ट्रपति भवन वेडिंग फोटो सार्वजनिक करने की अनुमति मिलेगी या नहीं।

# महर्षि नवल साहेब महाराज के जन्मोत्सव पर सत्संग एवं प्रसाद वितरण समारोह

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** वाल्मीकि समाज के संत महर्षि नवल साहेब का 242वां जन्मोत्सव मंगलवार को श्रद्धा के साथ हर्षोल्लासपूर्वक मनाया गया। जिला वाल्मीकि सभा तथा महर्षि नवल धर्मसभा के संयुक्त तत्वावधान में इन्द्रा चौक स्थित वाल्मीकि धर्मशाला में आयोजित सत्संग एवं प्रसाद वितरण समारोह में नगर परिषद पूर्व सभापति श्याम धारीवाल, जिला वाल्मीकि सभा अध्यक्ष विजय वाल्मीकि, प्रेमचंद भाटिया, भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज राष्ट्रीय निर्देशक मदन सिरसवाल, प्रदेशाध्यक्ष अनिल धारीवाल, महर्षि नवल धर्मसभा जिलाध्यक्ष मदन भगत, लालूराम चांवरिया, अमन वाल्मीकि, रामशरण कोचर, पवन सोनी, सीताराम, अनिल कांडा, मुकेश सोनी, संजय चावरिया, सुनील भाटिया आदि विशेष रूप से शामिल हुए।



सर्वप्रथम कार्यक्रम में मौजूद समाज के गणमान्य व्यक्तियों द्वारा महर्षि नवल महाराज तथा भगवान वाल्मीकि महाराज की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित किया गया एवं श्रद्धापूर्वक पुष्प अर्पित किए गए। सत्संग में पवन सोनी, मुकेश सोनी, सीताराम, अजय लाडला आदि ने भजनों द्वारा संत शिरोमणि नवल साहेब महाराज तथा भगवान वाल्मीकि की महिमा का गुणगान किया, जिस पर श्रद्धालु मंत्रमुग्ध होकर झूमने लगे। वक्ताओं ने संत शिरोमणि नवल महाराज की जीवनी पर प्रकाश डाला तथा उनकी शिक्षाओं को सम्पूर्ण मानवता के लिए कल्याणकारी बताते हुए उनके बताए रास्ते पर चलने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर केक काटकर महर्षि नवल जयंती की खुशियां मनाई गई। कार्यक्रम के अंत में श्रद्धालुओं को फलों एवं हलवे का प्रसाद वितरित किया। महर्षि नवल साहेब महाराज की जयंती उपलक्ष्य आयोजित इस कार्यक्रम को लेकर महिला-पुरुष, बच्चे, बुजुर्ग, युवा श्रद्धालुओं में भारी उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर बड़ी संख्या में महर्षि नवल महाराज के अनुयाई उपस्थित थे।

# मकान में लगी आग, जिंदा जले मामा-भांजी

## प्रत्यक्षदर्शी ने कहा- वेंटिलेटर से निकल रही थी आग की लपटें, अंदर से महिला और बच्चे को निकला

**मुजफ्फरपुर ( जनमार्ग न्यूज )।** मुजफ्फरपुर में मंगलवार की शाम कांटी थाना क्षेत्र में 2 मंजिलें मकान में आग लग गई। जिसमें मामा-भांजी की जिंदा जलकर मौत हो गई। मृतक में मकान में रहने वाले मिथिलेश (35) और इनकी भांजी शालू कुमार (17) शामिल हैं। इसके अलावा मिथिलेश की पत्नी भी झुलसी है। घटनास्थल पर मौजूद लोगों से मिली जानकारी के अनुसार, मकान में 4 लोग थे। आग की लपटें इतनी ज्यादा थी कि बुझाने में डेढ़ घंटे लग गए। जैसे-तैसे करके घर में से मृतक की पत्नी और सात साल के बेटे को पड़ोसी ने निकला। मौके पर पहले दमकल की छोटी गाड़ी पहुंची, उसके बाद दो बड़ी गाड़ी भी आई। जिसके बाद आग पर काबू पाया गया। आग कैसे लगी इसकी पूरी जांच की जा रही है। पुलिस का कहना है कि आग से पेट्रोल की बदबू आ रही थी, जांच चल रही है। पूरी घटना की जांच के लिए आसपास के लोगों से बातचीत की जा रही है। प्रशासन और अग्निशमन टीम के साथ मौके पर पूर्व मंत्री अजीत कुमार भी पहुंचे। वहीं, फायर ब्रिगेड व पुलिस की जांच में यह बात सामने आयी है कि कमरे में भारी मात्रा में पेट्रोल स्टोर की गई थी। जिस तरह से आग फैली है, उससे अनुमान लगाया जा रहा है कि कमरे में 15 से 20 लीटर तक पेट्रोल होने सकती है।

# ग्यारस की रात बाबा, आज थाण आणो है...

- श्री श्याम दो दिवसीय एकादशी मेला 8 फरवरी से... 
- हजारों श्रद्धालु नत मस्तक हो मानेंगे अपनी मन्नतै

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** सिद्ध धाम श्रीखाटू श्याम धाम मंदिर सुदामानगर में पावन श्रीश्याम दो दिवसीय एकादशी मेला 8 फरवरी शनिवार से प्रारंभ होगा । मंदिर के सेवादार संदीप शेरेवाला ने बताया कि इस महीने लगने वाले इस मेले के प्रति श्याम श्रद्धालुओं में बहुत उत्साह है । फाल्गुन महीना प्रारंभ होने से पहले ही श्याम प्रेमियों में फाल्गुन का उत्साह नजर आ रहा है। शेरेवाला के अनुसार हजारों की संख्या में इस मेले में बाबा श्याम को ध्वजाएं अर्पित की जाएगी। इन ध्वजा यात्राऔ के लिए श्रद्धालुंओ मे विशेष उत्साह है। ध्वजावाहको का मंदिर प्रांगण पहुंचने पर स्वागत व अभिनंदन किया जाएगा। प्रात:काल से ही श्याम श्रद्धालुओं का आना प्रारंभ हो जाएगा । मंदिर प्रांगण में ग्यारस के दिन श्रीगंगानगर जिले से श्याम प्रेमी दरबार में आते हैं और अपनी मन्नतै मांगते हैं । ग्यारस के दिन मंदिर प्रांगण पूरे दिन खुला रहेगा । पूरे दिन भर श्याम प्रेमी महिलाओं व पुरुषों द्वारा ताली संकीर्तन किया जाता है। रात्रि 7:00 बजे से शहर के सभी प्रमुख भजन प्रवाहको जिसमें के के शर्मा, विक्की शर्मा, संजय मित्तल, हनी बवेजा, पवन चलाना ,लविश चुग, पवन सेठी, राजन व अन्य द्वारा बाबा श्याम का विशाल श्याम संकीर्तन किया जाएगा। आये हुए श्रद्धालुओं के लिए विभिन्न प्रकार के भोग बाबा को लगाकर आए हुए श्रद्धालुंओ मे वितरित किए जायेगे।



# साथिन विकास कार्यक्रम के पांच दिवसीय प्रशिक्षण का समापन



जनमार्ग न्यूज

**हनुमानगढ़।** महिला अधिकारिता विभाग के तत्वावधान में आयोजित सक्षम साथिन विकास कार्यक्रम के पांच दिवसीय प्रशिक्षण का समापन न्यू सिविल लाइन स्थित सामुदायिक भवन में हुआ। इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य ग्राम स्तर पर कार्यरत साथिनों को सशक्त बनाना, महिलाओं के अधिकारों की रक्षा करना तथा विभागीय योजनाओं की जानकारी को गांव-गांव तक पहुंचाना था। पांचवें दिवस की शुरुआत मां सरस्वती की वंदना से की गई। इसके पश्चात प्रशिक्षण के दौरान प्राप्त ज्ञान और जानकारियों का मूल्यांकन किया गया। साथिनों की समझ को परखने के लिए रिव्यू सत्र का आयोजन हुआ, जिसमें उन्होंने अपनी सीखी हुई बातों को साझा किया। साथ ही, प्रशिक्षण को और अधिक रोचक बनाने के लिए विभिन्न प्रकार की खेल गतिविधियों का आयोजन भी किया गया, जिससे सीखने की प्रक्रिया को सहज और प्रभावी बनाया जा सके। समापन समारोह में सहायक निदेशक प्रवेश सोलंकी ने साथिनों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें अपने कार्यक्षेत्र में और अधिक प्रभावी रूप से कार्य करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि महिलाएं समाज की रीढ़ हैं और उनके सशक्तिकरण से ही समाज का संपूर्ण विकास संभव है। उन्होंने साथिनों को आश्वस्त किया कि विभाग हमेशा उनके साथ है और महिलाओं की भलाई के लिए हर संभव सहायता प्रदान करेगा। इस अवसर पर सुपरवाइजर श्रीमती डिंपल, संजू बाला और सुश्री मीतू ने भी प्रशिक्षण में भाग लिया और साथिनों का मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रशिक्षित साथिनों को प्रमाण-पत्र वितरित कर सम्मानित किया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम महिला अधिकारिता विभाग की एक महत्वपूर्ण पहल थी, जिसका उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना और उन्हें सामाजिक बुराइयों के खिलाफ जागरूक करना था। इस तरह के प्रशिक्षण न केवल साथिनों को सशक्त बनाते हैं, बल्कि वे अपने गांवों में अन्य महिलाओं को भी जागरूक करने में सहायक सिद्ध होते हैं।

# विश्वकर्मा मार्बल राज मिस्त्री मजदूर संघ की आमसभा में नई कार्यसमिति गठित

- नवनियुक्त पदाधिकारियों को राष्ट्र हित, संगठन हित एवं श्रमिक हित में कार्य करने के लिए किया प्रेरित

**श्रीगंगानगर ( जनमार्ग न्यूज )।** विश्वकर्मा मार्बल राज मिस्त्री मजदूर संघ, श्रीगंगानगर (सम्बद्ध भारतीय मजदूर संघ) की आमसभा भामसं जिलाध्यक्ष कुलविन्द्र सिंह ग्रेवाल की अध्यक्षता में मंगलवार को जवाहर नगर स्थित इंदिरा वाटिका में आयोजित की गई। आमसभा में विश्वकर्मा मार्बल राज मिस्त्री मजदूर संघ, श्रीगंगानगर की कार्यसमिति गठन को लेकर चर्चा की गई। जिलाध्यक्ष कुलविन्द्र सिंह ग्रेवाल द्वारा विचार-विमर्श के पश्चात् सर्वसम्मति से कार्यसमिति का गठन किया गया। जिला मंत्री राजीव वर्मा ने बताया कि विश्वकर्मा मार्बल राज मिस्त्री मजदूर संघ, श्रीगंगानगर की नवगठित कार्यसमिति में अध्यक्ष इन्द्रजीत सिंह, उपाध्यक्ष हीरालाल लिम्बा व जगसीर सिंह, महामंत्री हरदेव लाडुणा, सह मंत्री बलजिन्द्र सिंह, सतपाल खाटीवाल व हेमराज सोनी, कोषाध्यक्ष सोनू वर्मा (सुरेश), संगठन मंत्री राजू मीणा, कार्यालय मंत्री गुरजंट सिंह तथा प्रचार मंत्री महावीर यादव को बनाया गया है। आमसभा में मौजूद भारतीय मजदूर संघ के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने विश्वकर्मा मार्बल राज मिस्त्री मजदूर संघ के नवनियुक्त पदाधिकारियों को फूलमालाएं पहनाकर राष्ट्र हित, संगठन हित एवं श्रमिक हित में पूर्व से और अधिक सक्रिय होकर कार्य करने के लिए प्रेरित किया। नवनियुक्त पदाधिकारियों ने समर्पित भाव से अपने दायित्व का निर्वहन करने का विश्वास दिलाया।



इस अवसर पर भारतीय मजदूर संघ जिलाध्यक्ष कुलविन्द्र सिंह ग्रेवाल, कार्यकारी अध्यक्ष जीपी सिंह अरनेजा, संरक्षक श्रवण सिंह जस्सल, जिला मंत्री राजीव वर्मा, गंगानगर राज मिस्त्री मजदूर संघ अध्यक्ष ताराचंद माहर, कमलेश, अमीन अली, लखविन्द्र सिंह, मिठू सिंह, पृथ्वी, मौसम, महेन्द्र जालक, राजू दुरान, पवन दुगीवाल, मान सिंह, प्रेम वर्मा सहित भारतीय मजदूर संघ तथा विश्वकर्मा मार्बल राज मिस्त्री मजदूर संघ, श्रीगंगानगर पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित थे।

# परीक्षार्थियों से भरी गाड़ी को ट्रक ने मारी टक्कर...10 घायल

जनमार्ग न्यूज

**सीवान।** सीवान में इंटर की परीक्षा देने जा रही छात्राओं से भरी गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त हो गई। जानकारी के अनुसार गुठनी से सभी लोग वीएम इंटर कॉलेज जा रहे थे। इस बीच मैरवा की तरफ से आ रहे एक बेकाबू ट्रक ने बोलेरो में टक्कर मार दी। हादसे में कुल 10 छात्राएं घायल हो गई। घटना गुठनी चौराहे के पास की है। घायल छात्राओं को पहले गुठनी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। वहां डॉक्टर नीरज कुमार ने प्राथमिक उपचार के बाद सभी को सिवान सदर अस्पताल रेफर कर दिया। एम्बुलेंस से सभी छात्राओं को सीवान पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज जारी है। घायल छात्राओं में सोनाली कुमारी (पिता महंथ प्रजापति), मीतू कुमारी (पिता मुसाफिर राम), मौसम कुमारी यादव (पिता रामाधार यादव), रागिनी कुमारी (पिता हरिकृष्ण भगत) और अनु कुमारी (पिता जितेंद्र राम) सहित अन्य छात्राएं शामिल है।

# बच्चों ने किया सीमा भ्रमण

जनमार्ग न्यूज

**हनुमानगढ़।** हनुमानगढ़ इंटरनेशनल स्कूल के छात्र-छात्राओं ने सोमवार को बीएसएफ के सीमा क्षेत्र सादकी बॉर्डर फाज्लिका का भ्रमण करवाया गया। 64 छात्र-छात्राओं व शिक्षकों ने बॉर्डर क्षेत्र का परिभ्रमण किया । इस दौरान सादकी बॉर्डर पर बच्चों ने देश भक्ति से ओत-प्रोत तिरंगा परेड में भाव-विभोर हुए जवान एवं अधिकारियों की मुस्तैदी एवं स्फूर्ति देखकर सभी जोश से लबारेब हो गए। चारों ओर के वातारण में भारत माता की जय एवं वंदे मातरम से पूरा परिसर गुंजायमान हो रहा था।

# श्रीगंगानगर जिले में फार्मर रजिस्ट्री अभियान का हुआ शुभारंभ

## 31 मार्च तक जिले में पंचायत मुख्यालयों पर होगा तीन दिवसीय किसान रजिस्ट्री शिविरों का आयोजन

**श्रीगंगानगर ( जनमार्ग न्यूज )।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल पर एग्रीस्टैक योजना में किसान रजिस्ट्री प्रोजेक्ट को सम्पूर्ण राजस्थान में फार्मर आईडी शिविरों का शुभारंभ आज से हो गया है। इस योजना के तहत श्रीगंगानगर जिले में भी आज से 31 मार्च तक प्रत्येक ग्राम पंचायत मुख्यालय पर तीन दिवसीय शिविरों का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान किसानों की फार्मर आईडी बनाई जाएगी।इस संबंध में आज से 7 फरवरी तक गंगानगर तहसील की ग्राम पंचायत 8 एचएच और कोठा में इन शिविरों का आयोजन प्रारंभ किया गया है। जिला प्रशासन द्वारा निर्धारित तिथियों के दौरान प्रातः 9.30 बजे से सायं 5.30 बजे तक किसान अपना रजिस्ट्रेशन करवा सकेंगे। आपको बता दें कि भविष्य में प्रधानमंत्री/मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि, कृषि विभाग की योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए फार्मर आईडी आवश्यक है। राज्य एवं भारत सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ सीधे पात्र किसानों को प्रदान करने के लिए फार्मर आईडी आवश्यक होगी। भविष्य में नामांतरण एवं क्रय पंजीयन की प्रक्रिया में भी फार्मर आईडी आवश्यक होगी। फार्मर रजिस्ट्री से किसानों को कई लाभ होंगे। किसान आईडी (बिना अतिरिक्त दस्तावेज) के माध्यम से सरकारी योजनाओं एवं सेवाओं तक पहुंच आसान हो सकेगी। पात्र किसान का प्रधानमंत्री-किसान/मुख्यमंत्री-किसान सम्मान निधि योजना, अन्य योजनाओं में स्वतः जुड़ना सम्भव होगा। किसानों से फसलों की न्यूनतम समर्थन मूल्यों एवं अन्य योजनाओं में त्वरित (बिना किसी अतिरिक्त दस्तावेज के) खरीद संभव हो सकेगी। किसान की फसल के अनुसार डिजिटल तरीके से फसलों का बीमा संभव होगा। इसके अतिरिक्त किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड द्वारा ऋण आसानी एवं शीघ्रता से मिल सकेगा। किसानों को फसलों के लिए सेवाओं और बाजारों का व्यापक विकल्प मिल सकेगा। किसान अपनी फसलों, मृदा की स्थिति और कृषि-जलवायु परिस्थितियों के अनुसार परामर्श सेवाएं प्राप्त कर सकेंगे। सरकारी योजनाओं में लाभों का समान वितरण सुनिश्चित हो सकेगा। साथ ही लाभ से वंचित पात्र किसानों की पहचान संभव होगी।इन शिविरों में किसान आईडी तैयार करने के साथ-साथ प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना, मुख्यमंत्री आरोग्य आयुष्मान योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, मंगला पशु बीमा योजना, पशु टीकाकरण, पशु चिकित्सा एवं उपचार सहित पशु पालन विभाग, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग सहित अन्य विभागों की योजनाओं से भी किसानों को लाभांवित किया जाएगा।




**जिले में फार्मर आईडी शिविरों का यह रहेगा कार्यक्रम:** एसडीएम गंगानगर एवं प्रभारी अधिकारी भू-अभिलेख रणजीत कुमार ने बताया कि 5 फरवरी से 7 फरवरी तक गंगानगर तहसील की ग्राम पंचायत 8एचएच और कोठा, तहसील सूरतगढ़ की ग्राम पंचायत रंगमहल और बख्तावरपुरा, तहसील करणपुर की ग्राम पंचायत 15 ओ और मौडा, तहसील पदमपुर की ग्राम पंचायत घमूड़वाली और फरसेवाला, तहसील सादुलशहर की ग्राम पंचायत ताखरांवाली और करड़वाला, तहसील अनूपगढ़ की ग्राम पंचायत 12एबी और 9एमडी, तहसील रायसिंहनगर की ग्राम पंचायत ठाकरी और 30 पीएसए, तहसील विजयनगर की ग्राम पंचायत 8एसटीबी और 24 जीबी, तहसील घडसाना की ग्राम पंचायत 6डीडी और 2 एसटीआर तथा तहसील रावला की ग्राम पंचायत 17 केएनडी और 8पीएसडी-बी में शिविर आयोजित होगा।

**गजसिंहपुर में शिविर स्थगित:** एसडीएम रणजीत कुमार ने बताया कि योजनान्तर्गत जिले की तहसील गजसिंहपुर की ग्राम पंचायतों में आज से 26 फरवरी 2025 तक फार्मर रजिस्ट्री शिविर आयोजन किए जाने थे, किन्तु राज्य सरकार के निर्देशानुसार नवसृजित तहसीलों में तकनीकी समस्या के कारण जिले की नवसृजित तहसील गजसिंहपुर में फार्मर रजिस्ट्री शिविर आयोजित नहीं किये जा सकेंगे। जिले की नवसृजित तहसील गजसिंहपुर में तकनीकी समस्या के कारण फार्मर रजिस्ट्री शिविरों के आयोजन आगामी आदेशों तक स्थगित किए गये हैं।

# पब्लिक प्लेस पर गुटखा और पान खाकर थूकना पड़ेगा महंगा, पश्चिम बंगाल सरकार ला रही 1000 रुपये जुर्माने का कानून

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में सार्वजनिक जगहों पर पान, गुटखा या पान मसाला थूकने की आदत वालों के लिए मुश्किल दिन आने वाले हैं। बजट विधानसभा सत्र में एक नया कानून लाया जाएगा। इस कानून में ऐसे लोगों के लिए भारी जुर्माने का प्रावधान होगा। यह फैसला मंगलवार को राज्य सचिवालय नबन्ना में पश्चिम बंगाल कैबिनेट की बैठक में लिया गया।

पश्चिम बंगाल मंत्रिमंडल के एक सदस्य ने बताया कि मुख्यमंत्री खुद सार्वजनिक जगहों पर तंबाकू, पान और गुटखा थूकने की बढ़ती प्रवृत्ति से परेशान हैं। नए रंग से पुते दीवारों और फुटपाथों पर थूक के दाग देखकर वो खास तौर पर नाराज थीं। राज्य सरकार के सौंदर्यीकरण के प्रयासों पर इसका असर पड़ रहा है। इसलिए, इस तरह के अपराधों के लिए भारी जुर्माने का प्रावधान वाला कानून लाने का फैसला किया गया।

**हर बार एक हजार का जुर्माना!**

हालांकि जुर्माने की सही राशि अभी तय नहीं हुई है, सूत्रों का कहना है कि हर बार इस तरह के अपराध के लिए 1,000 रुपये का एक समान जुर्माना हो सकता है। पश्चिम बंगाल में पहले से ही पश्चिम बंगाल सार्वजनिक स्थानों पर थूकना निवारण अधिनियम, 2003 लागू है। इसमें सार्वजनिक जगहों पर थूकने पर अधिकतम 200 रुपये का जुर्माना है।

**पांच गुना बढ़ जाएगा जुर्माना**

लेकिन, इस कानून के व्यावहारिक रूप से लागू होने और कम जुर्माने के कारण आदतन अपराधियों पर इसके डर के बारे में सवाल उठते रहे हैं। शायद इसीलिए नए विधेयक में जुर्माने की राशि को कम से कम पांच गुना बढ़ाने का प्रस्ताव है। सवाल यह है कि क्या संबंधित प्रवर्तन एजेंसियां इसे प्रभावी ढंग से लागू कर पाएंगी, क्योंकि हर विभाग में कर्मचारियों की कमी है।



**10 फरवरी से बंगाल का बजट सत्र**

इस साल राज्य विधानसभा का बजट सत्र 10 फरवरी से शुरू होगा। राज्यपाल सी.वी. आनंद बोस इसका उद्घाटन करेंगे। पश्चिम बंगाल की वित्त राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) चंद्रिमा भट्टाचार्य 12 फरवरी को राज्य का बजट पेश करेंगी। सोचिए, अगर आप रोज़ पान थूकते हैं और आपको हर बार 1000 रुपये का जुर्माना देना पड़े, तो आपका महीने का खर्चा कितना बढ़ जाएगा? शायद अब लोग दो बार सोचेंगे, इससे पहले कि सार्वजनिक जगहों पर थूकें।

यह फैसला स्वच्छता के लिए एक बड़ा कदम है। कोलकाता की सुंदरता को बरकरार रखने में यह मदद करेगा। लेकिन, सिर्फ कानून बनाना ही काफी नहीं है। इसे सख्ती से लागू भी करना होगा। लोगों को भी अपनी आदतें बदलनी होंगी। स्वच्छता की जिम्मेदारी सिर्फ सरकार की नहीं, हम सबकी है। हमें अपने शहर को साफ रखने में योगदान देना होगा।

इस कानून के बारे में लोगों को जागरूक करना भी जरूरी है। उन्हें जुर्माने के बारे में पता होना चाहिए। साथ ही, उन्हें सार्वजनिक जगहों पर थूकने के नुकसान भी बताने चाहिए। यह एक सामाजिक बुराई है, जिसे हमें मिलकर खत्म करना होगा। सरकार, जनता और प्रवर्तन एजेंसियों, सबको मिलकर काम करना होगा, तभी हम अपने शहर को साफ-सुथरा और सुंदर बना सकते हैं। आइए, हम सब मिलकर इस अभियान में अपना योगदान दें। कोलकाता को स्वच्छ और सुंदर बनाएं।

# गौशाला समिति ने किया दानदाता का सम्मान



जनमार्ग न्यूज

**हनुमानगढ़।** श्री गौशाला समिति जोड़किया में गौसेवा के प्रति अपनी अटूट आस्था प्रकट करते हुए रामप्रताप तरड़ पुत्र स्वर्गीय भादर राम तरड़ ने गौशाला जोड़किया में शेड निर्माण हेतु 1,11,000/- रुपये की नगद राशि भेंट की। उनका यह योगदान न केवल गौसेवा में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा, बल्कि क्षेत्र के अन्य भामाशाहों को भी प्रेरित करेगा। गौशाला समिति के सदस्यों ने रामप्रताप तरड़ का स्मृति चिन्ह देकर अभिनंदन किया। रामप्रताप तरड़ लंबे समय से धार्मिक कार्यों और गौसेवा के लिए समर्पित रहे हैं। उनका यह दान गौशाला में संरचनात्मक सुविधाओं के विकास के लिए एक महत्वपूर्ण योगदान है, जिससे वहां रह रही गौमाताओं को अधिक सुरक्षित और संरक्षित वातावरण मिल सकेगा। इस अवसर पर गौशाला समिति के अध्यक्ष श्री दलीप सुथार, कोषाध्यक्ष श्रवण जी सहारण, सह-कोषाध्यक्ष श्रीभगवान जाखड़, संरक्षक भंवर सिंह जी सहित समिति के कई अन्य पदाधिकारी एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# गर्लफ्रेंड को मारने से पहले 30किमी घुमाया

जनमार्ग न्यूज

**रायपुर।** रायपुर में एक बॉयफ्रेंड ने पूरी प्लानिंग करके अपनी गर्लफ्रेंड की हत्या की। वारदात से पहले लड़की को बाइक से घुमाने ले गया। 30 किलोमीटर तक बाइक चलाते हुए हत्या के लिए सुरक्षित ठिकाना खोजता रहा। फिर जगह मिलते ही वहां लड़की का गला घोंट दिया। परिजनों का कहना है कि आरोपी ने पहचान छिपाने लाश के चेहरे पर तेजाब छिड़का। पुलिस ने आरोपी विवेक सेंन्द्रे को गिरफ्तार कर लिया है। विवेक के मुताबिक रचना शादी का दबाव बना रही थी। वहीं आरोपी का पता चलते ही फांसी देने की मांग को लेकर लोगों ने देर शाम सरस्वती नगर थाने के सामने जमा होकर विरोध जताया, जीई रोड जाम करने की कोशिश की, हालांकि सख्त कार्रवाई के आश्वासन के बाद लोग शांत हुए। आरोपी को फांसी देने की मांग करते हुए आक्रोशित लोगों ने सरस्वती नगर थाने के सामने जमाकर विरोध जताया। आरोपी को फांसी देने की मांग करते हुए आक्रोशित लोगों ने सरस्वती नगर थाने के सामने जमाकर विरोध जताया। परिजनों के मुताबिक, लड़की के गला दबाकर हत्या के बाद उसके शरीर पर तेजाब छिड़का गया है। परिजनों के मुताबिक, लड़की के गला दबाकर हत्या के बाद उसके शरीर पर तेजाब छिड़का गया है।

**कॉल डिटेल, मोबाइल की जांच से ट्रेस हुआ:** सरस्वती नगर पुलिस के मुताबिक 31 जनवरी को रचना सोना नाम की लड़की की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज की गई। वह कोटा इलाके के गीता नगर की रहने वाली थी। पुलिस ने आस-पास के लोगों से पूछताछ की। लड़की के कॉल डिटेल और मोबाइल की जांच की गई। जिसके आधार पर रचना के ही एक रिश्तेदार और पड़ोस में रहने वाले विवेक सेंन्द्रे तक पुलिस पहुंच पाई। आरोपी के मुताबिक रचना शादी के लिए दबाव बना रही थी।

**गुमराह करने की कोशिश लेकिन मैसेज ने फंसाया:** पुलिस को विवेक सेंन्द्रे पर शक इसलिए हुआ कि लड़की ने अंतिम बार मोबाइल फोन पर उससे ही बात की थी। इसके अलावा जब लड़की के मोबाइल चैट्स पुलिस ने खंगाले तो उसका विवेक से लव अफेयर भी साफ हो गया। रचना उसे लगातार मैसेज करके शादी करने का दबाव डाल रही थी।

# वराह भगवान के प्रसंग से श्रद्धालु भाव विभोर हुए

## धर्मोत्सव में उमड़ रहे हैं धर्म प्रेमी

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** नई अनाज मंडी परिसर में स्थित श्री सिद्ध हनुमान मंदिर के 38 वें वार्षिक धर्मोत्सव में आज श्रीमद् भागवत कथा का वाचन करते हुए कथा व्यास पंडित सत्यपाल पाराशर ने वराह भगवान का प्रसंग सुनाया,जिसे सुनकर श्रद्धालु भाव विभोर हो गए। पंडित सतपाल ने कहा कि वराह भगवान ने हिरणाक्ष दैत्य का वध किया था, क्योंकि वह पृथ्वी को रसातल में ले गया था। जब इस धरती पर लोभ-भोग की संस्कृति बढ़ती है तो धरती रसातल में जाने लगती है। उन्होंने बताया कि वराह भगवान ने हिरणाक्ष दैत्य का वध कर पृथ्वी को रसातल से बाहर निकाला और अपनी आधारशक्ति से पृथ्वी को स्थापित किया। वराह भगवान संतोष के अवतार हैं और हिरणाक्ष लोभ का प्रतीक है। लोभ पर अगर विजय प्राप्त करनी हैं तो संतोष का ज्ञान करना पड़ेगा। लोभ को संतोष की तेजधार से ही काटा जा सकता है। इसलिए अपने हृदय में संतोष लाईये, तभी हमारे अंदर का लोभ बाहर निकलेगा। आज शाम कथा को विराम दिए जाने के बाद हनुमान जयंती धूमधाम से मनाई गई भजनों की वर्षा में श्रद्धालु झूम उठे।धर्मोत्सव के चौथे दिन कल बुधवार को श्रीमद् भागवत कथा में पंडित सत्यपाल पाराशर भगवान कृष्ण जन्मोत्सव का वर्णन करेंगे। भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। मंदिर प्रबंध समिति के संचालक रामगोपाल पांडूसरिया ने बताया कि धर्मोत्सव में भारी संख्या में श्रद्धालु उमड़ रहे हैं। रोजाना दोपहर 3 से शाम 6 बजे तक श्रीमद् भागवत कथा पंडित सत्यपाल पाराशर द्वारा की जा रही है। रोजाना दोपहर को विशाल भंडारा लगाया जाता है। आज भी लगभग 4 हजार श्रद्धालुओं ने भंडारे में लंगर प्रसाद ग्रहण किया। रोजाना शाम 7-15 बजे से संगीत में सुंदरकांड का पाठ किया जाता है। धर्मोत्सव का समापन 10 फरवरी को पूर्णाहुति और विशाल भंडारे के साथ होगा। आयोजन को सुचारू रूप से संपन्न करवाने में मंदिर के पुजारी अरविंद पांडेय और प्रदीप पाठक द्वारा पूर्ण सहयोग प्रदान किया जा रहा है।



# हनुमानगढ़ के घनश्याम बेनीवाल दिखेंगे बड़े पर्दे पर

जनमार्ग न्यूज

**हनुमानगढ़।** हनुमानगढ़ के घनश्याम बेनीवाल की अभिनय प्रतिभा अब बड़े पर्दे पर नजर आएगी। उनकी राजस्थानी फिल्म लॉट नंबर 302 को अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (रिफ्फ) में खूब सराहना मिली है। इस फिल्म में उन्होंने एक थानाधिकारी की भूमिका निभाई है। फिल्म के निर्देशक विजय सुथार ने बताया कि यह फिल्म एक ऐसी लक्की की कहानी पर आधारित है जो एचआईवी संक्रमित है, लेकिन समाज बिना सच्चाई जाने उसे बदचलन करार दे देता है। उसकी मौत के पीछे की वजह जानने के लिए पुलिस द्वारा की गई तहकीकात फिल्म को सस्पेंस से भरपूर बनाती है। फिल्म का निर्देशन विजय सुथार ने किया है, जबकि इसका निर्माण विजय सुथार और विक्रम ओ. सिंह ने मिलकर किया है। फिल्म में प्रमुख भूमिकाओं में अलीशा सोनी, अल्ताफ हुसैन, सीमा दिनोदिया, दीपक गुर्जर, अभिषेक जांगिड़, अंजली शर्मा, रामकेश मीणा, अश्मिता मीणा, रिया सैन और रुद्र खत्री शामिल हैं। फिल्म की सिनेमेटोग्राफी राज आशिवाल ने की है, जबकि संगीत डी जे भराली ने दिया है।



यह फिल्म 7 फरवरी से राजस्थान और मुंबई के कुछ सिनेमाघरों में प्रदर्शित की जाएगी। फिल्म में सस्पेंस और सामाजिक मुद्दों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया गया है, जो दर्शकों को न केवल मनोरंजन प्रदान करेगा बल्कि उन्हें सोचने पर भी मजबूर करेगा।

फिल्म के निर्देशक विजय सुथार हनुमानगढ़ जिले के मूल निवासी हैं और पिछले 15 वर्षों से बॉलीवुड में सक्रिय हैं। उन्होंने इससे पहले भी तावजो द सनलाइट, द पुष्कर लॉज, कर्ज रो घूंघट और चौधरी साब री चतुर फैमिली जैसी फिल्मों का निर्देशन किया है। उनकी फिल्में समाज को जागरूक करने के उद्देश्य से बनाई जाती हैं।

हनुमानगढ़ के घनश्याम बेनीवाल के अभिनय की चर्चा इस फिल्म महोत्सव में जमकर हुई। उनके प्रशंसक और स्थानीय लोग इस उपलब्धि पर गर्व महसूस कर रहे हैं।

# ट्रेन के चपेट आने से हवलदार की पत्नी की मौत

जनमार्ग न्यूज

**आरा(भोजपुर)।** दानापुर-पीडीडीयू रेलखंड पर बिहिया स्टेशन के पश्चिमी गुमटी के समीप मंगलवार की देर शाम गाड़ी संख्या (22356) पाटलिपुत्र एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आने से बीएसएफ हवलदार के पत्नी मौत हो गई। इलाज के लिए बिहिया पीएचसी ले जाने के दौरान उन्होंने रास्ते में ही दम तोड़ दिया।

घटना को लेकर लोगों के बीच काफी देर तक अफरा-तफरी मची रही। जानकारी के अनुसार मृतका बिहिया थाना क्षेत्र के जिनगी गांव निवासी सह बीएसएफ के हवलदार राजकिशोर सिंह की 55 वर्षीया पत्नी उर्मिला देवी हैं।

# हरियाणा में बारिश-ओलावृष्टि से 51 हजार किसानों को नुकसान

जनमार्ग न्यूज

**चंडीगढ़।** हरियाणा में पिछले महीने हुई बारिश और ओलावृष्टि से राज्य के 51353 किसानों को नुकसान हुआ है। इसका खुलासा तब हुआ जब किसानों ने सरकार से फसल नुकसान के मुआवजे के लिए ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल पर दावा दायर किया। किसानों की बढ़ती संख्या और खराब मौसम को देखते हुए सरकार ने पोर्टल पर दावा दायर करने की अंतिम तिथि बढ़ाकर 5 फरवरी कर दी थी। पिछले महीने हुई ओलावृष्टि और भारी बारिश से रबी की फसलों को हुए नुकसान के लिए अब तक नौ जिलों के किसानों ने मुआवजे के दावे दायर किए हैं। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत पंजीकृत नहीं होने वाले प्रभावित किसानों को राज्य सरकार की नीति के तहत मुआवजा मिलेगा। हालांकि, राहत पाने के लिए मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर पंजीकरण अनिवार्य है।

**सबसे ज्यादा हिसार-चरखी दादरी में नुकसान**

सूबे के 1,756 गांवों में 2,62,886 एकड़ में कुल फसल का नुकसान हुआ है। सबसे ज्यादा दावे चरखी दादरी से आए हैं। यहां 168 गांवों के 12,962 किसानों ने 63,695 एकड़ फसल के नुकसान की सूचना दी है, इसके बाद हिसार के 249 गांवों के 7,173 किसानों ने 43,779 एकड़ नुकसान की सूचना दी है। वहीं गुरुग्राम में 162 गांवों के 7,152 किसानों ने 32,691 एकड़ नुकसान की सूचना दी है। रेवाड़ी में 281 गांवों के 6,982 किसान, 31,040 एकड़ से अधिक प्रभावित हुई है।

**महेंद्रगढ़, झज्जर में भी काफी हुआ नुकसान**

वहीं महेंद्रगढ़ जिले के 339 गांवों के 6,800 किसानों ने 28,115 एकड़ नुकसान की सूचना दी है। झज्जर जिले के 220 गांवों के 6,093 किसान, 32,734 एकड़ को कवर करते हैं, फतेहाबाद - 143 गांवों के 2,657 किसान, 18,359 एकड़ नुकसान की सूचना दी है। वहीं पलवल जिले में 190 गांवों के 1,792 किसान, 10,188 एकड़ से अधिक प्रभावित हुए हैं।

# मध्यप्रदेश में 2 दिन से बारिश, अब पारा भी लुढ़केगा

## ❑ भोपाल, इंदौर-उज्जैन में आज से तापमान में आएगी गिरावट; ग्वालियर-चंबल में बादल रहेंगे

जनमार्ग न्यूज

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में 2 दिन से बारिश वाला मौसम है। नीमच में बूंदाबांदी के बाद मंगलवार को ग्वालियर-चंबल में आंधी और हल्की बारिश का दौर रहा। बाकी जिलों में मौसम साफ रहा और धूप खिली रही। मौसम विभाग के मुताबिक, बुधवार से दिन-रात के तापमान में 2 से 3 डिग्री की गिरावट हो सकती है।

भोपाल, इंदौर-उज्जैन में पारा लुढ़केगा। वहीं, ग्वालियर और चंबल संभाग के जिलों में बादल छाए रह सकते हैं। बाकी जिलों में भी तापमान में गिरावट देखने को मिल सकती है। इससे पहले मंगलवार को ग्वालियर, मंदसौर, नीमच, भिंड, दतिया, मुरैना और श्योपुर में कहीं-कहीं गरज-चमक की स्थिति बनी रही। इससे दिन के तापमान में भी गिरावट देखने को मिली। हालांकि, मंडला में तापमान 34.7 डिग्री, सिवनी में 33.4 डिग्री, जबलपुर में 33.3 डिग्री, दमोह में 33 डिग्री रहा। भोपाल में 31.7 डिग्री, इंदौर में 30.6 डिग्री, ग्वालियर में 26.1 डिग्री और उज्जैन में पारा 30 डिग्री पर आ गया।

मौसम विभाग के मुताबिक, फरवरी में सुबह और रात में ही ठंड का असर देखने को मिलेगा। दिन में तेज धूप खिली रहेगी, जिससे दिन गर्म ही रहेंगे। 20 फरवरी से यह असर और कम हो जाएगा।मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, 8 फरवरी को वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) एक्टिव होने की संभावना है। इस वजह से प्रदेश में मौसम में बदलाव देखने को मिल सकता है। सीनियर मौसम वैज्ञानिक डॉ. वेदप्रकाश सिंह ने बताया, प्रदेश के कुछ हिस्से में पहले सप्ताह में बादल छाए रहेंगे। 12, 13 और 14 फरवरी को बारिश होने का अनुमान है। 20 फरवरी के बाद ठंड का असर और कम होगा। जिससे दिन-रात दोनों ही तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की जाएगी। अभी दो साइक्लोनिक सर्कुलेशन एक्टिव है। इस बार शुरुआती दो महीने यानी, नवंबर और दिसंबर में कड़ाके की ठंड पड़ी। ठंड ने कई रिकॉर्ड तोड़ दिए। नवंबर की बात करें तो भोपाल में 36 साल का रिकॉर्ड टूटा।

# लिकर कॉन्ट्रैक्टर्स एसोसिएशन ने ठेके बंद कर जताया विरोध

जनमार्ग न्यूज

**हनुमानगढ़।** आबकारी नीति 2025-26 में संशोधन और अनुज्ञाधारियों पर लगाए गए अनुचित दंडों को समाप्त करने की मांग को लेकर लिकर कॉन्ट्रैक्टर्स एसोसिएशन ने मंगलवार को सांकेतिक विरोध दर्ज कराया। विरोध स्वरूप एसोसिएशन के सदस्यों ने सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक जिले भर में शराब की दुकानें बंद रखीं।

सोमवार को जिला कलेक्टर को मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा था और मंगलवार को अनुज्ञाधारियों ने ठेके बंद कर अपनी नाराजगी जाहिर की। उनकी प्रमुख मांगों में शराब दुकानों का संचालन समय रात 11 बजे तक करने, अनुज्ञाधारियों का कमीशन 20त्न बढ़ाने, नवीनीकरण करने वाले दुकानदारों की एक्साइज ड्यूटी न बढ़ाने और वार्षिक लाइसेंस फीस के समायोजन की मांग शामिल है।

एसोसिएशन के सदस्यों ने कहा कि सरकार की नीतियों में अनिश्चितता और अनुचित दंड के चलते व्यवसायियों को आर्थिक नुकसान हो रहा है। उनका कहना था कि ढ्ढश्वस्र्-2 प्रणाली लागू होने के बाद भी उनकी बकाया एक्साइज ड्यूटी का बैलेंस नहीं दिया गया, जिससे व्यापार प्रभावित हो रहा है। इसके अलावा, जनवरी माह की स्न ट्रांसफर करने के बावजूद राशि शून्य हो जाने जैसी तकनीकी खामियों के कारण अनुज्ञाधारियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।




विरोध के दौरान व्यापारियों ने सरकार से जल्द से जल्द उनकी मांगों पर विचार कर समाधान निकालने की अपील की। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि उनकी समस्याओं का हल नहीं निकला, तो वे आगे भी कड़े कदम उठाने को मजबूर होंगे। प्रदर्शन के दौरान प्रदीप तिवाड़ी, राधा सिंह खोसा, गुरदीप सिंह बराड़ बब्बी, पृथ्वी खीचड़, अंकुर गोदारा, संदीप श्योराण, अभिजीत मूंड, मनीष मिड्ढा, महेंद्र सिंह जिलेभर के शराब दुकानदारों ने एकजुटता दिखाते हुए अपनी समस्याओं को प्रशासन के सामने रखा।

# सूर्य नमस्कार और बसंत पंचमी का आयोजन

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** जुबिन स्पास्टिक होम और चैरिटेबल ट्रस्ट ने 3 फरवरी 2025 को सूर्य नमस्कार और बसंत पंचमी के अवसर पर एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन स्पेशल ओलंपिक भारतए राजस्थान की अध्यक्ष श्रीमती विनिता आहूजा और जुबिन संस्था की पूरी टीम ने मिलकर सरस्वती मां के समक्ष दीप प्रज्वलित करके किया। कार्यक्रम की शुरुआत में विशेष बच्चों ने सूर्य नमस्कार के विभिन्न आसनों का प्रदर्शन कियाए जिससे सभी उपस्थित लोग काफी प्रभावित हुए। इन बच्चों ने अपनी अद्वितीय ऊर्जा और प्रतिभा का प्रदर्शन कर सभी का मन मोह लिया।



**जुबिन स्पास्टिक होम की 24 वर्षों की सेवा:** जुबिन स्पास्टिक होम और चैरिटेबल ट्रस्ट पिछले 24 वर्षों से विशेष रूप से सक्षम बच्चों को निशुल्क उपचार सेवाएं प्रदान कर रहा है। यहां बच्चों को फिजियोथेरेपीए स्पीच थेरेपीए ऑक्यूपेशनल थेरेपी और विशेष शिक्षा जैसी सेवाएं दी जा रही हैं। अब तकए 5300 से अधिक विशेष रूप से सक्षम बच्चों ने जुबिन संस्था में पंजीकरण कराया है और लगभग 200 बच्चे प्रतिदिन यहां पर चैरिटेबल सेवाओं का लाभ उठा रहे हैं। जुबिन स्पास्टिक होम का यह प्रयास विशेष बच्चों के जीवन को बेहतर बनाने और उन्हें समाज में समान अवसर देने के लिए निरंतर जारी है।

**विनीता आहूजा का प्रेरणादायक संदेश:** इस अवसर पर श्रीमती विनीता आहूजा ने अपने संबोधन में कहाए ष्जो व्यक्ति प्रतिदिन सूर्य नमस्कार का अभ्यास करते हैंए उनकी आयुए प्रज्ञाए बल और तेज में वृद्धि होती है।ष् उनका यह संदेश बच्चों और दर्शकों को प्रेरित करने वाला थाए क्योंकि सूर्य नमस्कार न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देता हैए बल्कि मानसिक और आत्मिक शांति भी प्रदान करता है।

**बसंत पंचमी पर सांस्कृतिक कार्यक्रम:** बसंत पंचमी के सांस्कृतिक कार्यक्रम में जुबिन स्पेशल स्कूल के बच्चोंए बीएडए डीएड और नर्सिंग छात्रों ने अपनी शानदार प्रस्तुति दी। इस कार्यक्रम ने समावेशी शिक्षा के महत्व को उजागर किया और यह दिखाया कि सभी बच्चों के पास अपनी प्रतिभाओं को दिखाने का समान अवसर होना चाहिए।

**मुख्य अतिथि और कार्यक्रम में उपस्थित व्यक्ति:** कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विनीता आहूजा के साथ एकेडमिक डायरेक्टर डॉ देवेंद्र छाबड़ा जुबिन नर्सिंग कॉलेज की प्रिंसिपल रूबी शर्माए ए जुबिन स्पेशल स्कूल की कॉर्डिनेटर मुनिशा सुधेराए और जुबिन संस्था के सभी शिक्षकगण उपस्थित थे। कार्यक्रम का सफल संचालन जुबिन नर्सिंग कॉलेज के छात्रों विश्वजीत सिंह और अशमीत द्वारा किया गया।

**समावेशी शिक्षा की ओर एक कदम:** यह कार्यक्रम जुबिन स्पेशल स्कूल और जुबिन डे केयर सेंटर के बच्चों द्वारा एक प्रेरणादायक कदम थाए जो न केवल शारीरिक अभ्यास बल्कि मानसिक जागरूकता को भी बढ़ावा देता है। इसके माध्यम से समावेशी शिक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने का प्रयास किया गया।

इस कार्यक्रम ने यह संदेश दिया कि हर बच्चे को समान अवसर मिलने चाहिएए चाहे वे सामान्य हों या विशेषए ताकि वे अपनी पूरी क्षमता को पहचान सकें और विकसित कर सकें। यह आयोजन जुबिन संस्था की समर्पित टीम और बच्चों की कड़ी मेहनत का परिणाम थाए जिसने सभी उपस्थित लोगों के दिलों में एक सकारात्मक संदेश छोड़ा।

# बच्चा, हजारों चैट और रोमांटिक तस्वीरें...

## ❑ उद्योगपति के घर सबूत लेकर पहुंची फ्रेंच महिला, बोली– आपके बेटे की हूं पत्नी



**इंदौर।** मध्यप्रदेश के इंदौर में एक उद्योगपति के बेटे पर फ्रांस की रहने वाली महिला ने दुष्कर्म और धोखा देने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़ित महिला नवजात बच्चे के साथ मंगलवार को पुलिस जनसुनवाई में पहुंची और आरोपी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। पीड़िता ने बताया कि आरोपी हर्षुल राय ने शादी का झांसा देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए, लेकिन बाद में शादी से इनकार कर दिया। इस मामले की जांच पुलिस आयुक्त संतोष सिंह ने महिला एसीपी को सौंप दी है।

**कैसे हुई दोस्ती:** एडिशनल सीपी अमित सिंह के अनुसार, पीड़िता फ्रांस की नागरिक है और कपड़ों का व्यवसाय करती है। अपने बिजनेस के सिलसिले में वह अक्सर अलग-अलग देशों की यात्रा करती रहती थी। इसी दौरान उसकी मुलाकात हर्षुल राय से हुई। दोनों के बीच बातचीत शुरू हुई और जल्द ही दोस्ती गहरी हो गई। वे लगातार ई-मेल और व्हाट्सएप के जरिए संपर्क में रहे।

**विदेशों में भी मिलने जाता था आरोपी:** पीड़िता के अनुसार, हर्षुल उसके दौरे की जानकारी हासिल कर वह उससे मिलने के लिए विदेशों में भी जाता था। दोनों का रिश्ता आगे बढ़ा और करीब एक साल पहले महिला गर्भवती हो गई। जब उसने यह बात हर्षुल को बताई, तो उसने पहले तो कोई प्रतिक्रिया नहीं दी, लेकिन बाद में शादी करने से साफ इनकार कर दिया।

**परिजनों का रवैया:** जब महिला अपने बच्चे के साथ आरोपी के घर पहुंची और उसके परिवार को पूरी सच्चाई बताई, तो पहले तो परिजनों ने इस पर विश्वास नहीं किया। लेकिन जब उसने ई-मेल, चैटिंग के हजारों पन्ने और तस्वीरें दिखाईं, तो उन्होंने मामले को गंभीरता से लिया, लेकिन फिर भी महिला और उसके बच्चे को अपनाने से इंकार कर दिया।

**अब तक दर्ज नहीं हुआ केस:** पीड़िता का कहना है कि उसने फ्रांस में भी इस बारे में शिकायत दर्ज कराई थी और फिर भारत आकर न्याय की गुहार लगा रही है। पुलिस ने आरोपी हर्षुल और उसके परिजनों को बयान देने के लिए बुलाया, लेकिन उन्होंने खुद को शहर से बाहर बताया और समय मांग लिया। सूत्रों के अनुसार, आरोपी युवक के पिता पीथमपुर में एक बड़ी फैक्टरी के मालिक हैं।

# लूट की योजना बनाते 3 बदमाश काबू: पिस्तौल, कारतूस और लोहे की रॉड बरामद

**सोहना ( जनमार्ग न्यूज )।** हरियाणा के गुरुग्राम जिले की सोहना क्राइम ब्रांच ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए भोंड़सी के कंट्री इन होटल से तीन शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि कुछ युवक होटल में लूट की योजना बना रहे हैं, जिसके बाद छापेमारी कर तीनों को पकड़ा गया।

**पूछताछ में 3 अन्य वारदात कबूली**

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान तुषार शर्मा(आगरा), आशीष(वाराणसी) और सजन(बिहार) के रूप में हुई है। पुलिस ने इनके पास से एक पिस्तौल, एक जिंदा कारतूस, लोहे की रॉड, दो बाइक और एक टॉर्च बरामद की है। थाना प्रभारी चंद्रभान के अनुसार पूछताछ में आरोपियों ने गुड़गांव में तीन अन्य वारदातों को अंजाम देने की बात कबूली है।

**पहले से छीना-झपटी के केस**

तुषार और आशीष पर गुड़गांव में पहले से ही छीना-झपटी के मामले दर्ज हैं। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। यह गिरफ्तारी क्षेत्र में अपराध नियंत्रण की दिशा में एक महत्वपूर्ण सफलता मानी जा रही है। पुलिस अब इन आरोपियों से पूछताछ कर अन्य वारदातों के बारे में जानकारी जुटा रही है।

# डंकी रूट से अमेरिका गए 205 भारतीयों की वापसी

जनमार्ग न्यूज

**चंडीगढ़/अमृतसर।** अमेरिका का मिलिट्री एयरक्राफ्ट सी-17 दोपहर एक बजे 205 भारतीयों के साथ श्री गुरु रामदास जी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे अमृतसर पर लैंड करने वाला है। ये सभी भारतीय डंकी रूट से अमेरिका पहुंचे थे और वहां गैरकानूनी तौर से रह रहे थे। पंजाब सरकार ने भारत लौट रहे लोगों के लिए खास व्यवस्था की है। पंजाब के पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने बताया कि राज्य सरकार ने अप्रवासियों के लिए खास काउंटर भी बनाए हैं।

**ट्रंप ने शुरू किया एक्शन:** डोनाल्ड ट्रंप के अमेरिकी राष्ट्रपति बनने के बाद अमेरिका की लॉ इन्फोर्समेंट एजेंसियों ने अवैध रूप से रह रहे अप्रवासियों को देश से बाहर निकालने का अभियान शुरू किया है। बताया जा रहा है कि अमेरिका से वापस भेजे जा रहे अधिकतर भारतीय पंजाब और गुजरात के हैं, जो डंकी रूट से वहां पहुंचे थे। पंजाब के एनआरआई मामलों के मंत्री कुलदीप सिंह धालीवाल ने अमेरिकी सरकार के इस फैसले पर निराशा जताई है। उन्होंने कहा कि इन लोगों ने अमेरिका की अर्थव्यवस्था में योगदान दिया है। इन्हें वापस भेजने के बजाय स्थायी निवास देना चाहिए था।



**पंजाब सरकार ने जारी की अपील:** मंत्री ने बताया कि बहुत से भारतीय वर्क परमिट पर अमेरिका गए थे। वापस भेजे जाने वालों में ऐसे लोग भी शामिल हैं, जिनका वर्क परमिट खत्म हो गया था। इस कारण वह गैरकानूनी रूप से रहने वाले प्रवासी बन गए। धारीवाल ने कहा कि वह वह अगले हफ्ते विदेश मंत्री एस जयशंकर से मिलेंगे। अमेरिका में रहने वाले पंजाबियों की चिंताओं और हितों पर उनसे बात करेंगे। पंजाब सरकार ने लोगों से अपील की है कि वे गैरकानूनी तरीकों से विदेश न जाएं। दुनिया भर में मौके पाने के लिए हुनर और शिक्षा जरूरी है। मंत्री कुलदीप सिंह धालीवाल ने लोगों को सलाह दी कि वे कानूनी तरीकों से विदेश जाने की जानकारी लें। विदेश जाने से पहले पढ़ाई करें और भाषा सीखें।

# पुण्यतिथि पर रक्तदान शिविर का आयोजन

**सूरतगढ़। ( जनमार्ग न्यूज )** स्वर्गीय डॉक्टर मनीराम स्वामी की 43 वीं पुण्यतिथि पर डॉक्टर मनीराम स्वामी मेमोरियल हॉस्पिटल में आइएमए, अपैक्स क्लब व हॉस्पिटल की तरफ से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि आईएमए के अध्यक्ष डॉ संजय बजाज, शिक्षा विद डॉक्टर सुशील जेतली, अपेक्स क्लब के अध्यक्ष अशोक धमीजा, स्वर्गीय डॉक्टर मनीराम स्वामी की पत्नी श्रीमती परमेश्वरी देवी, पुत्र डॉ प्रमेंद्र स्वामी, पुत्र वधू श्रीमती ममता स्वामी ने स्वर्गीय श्री मनीराम स्वामी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करके संयुक्त रूप से फीता काटकर रक्तदान शिविर का उद्घाटन किया। आईएमए के अध्यक्ष डॉक्टर संजय बजाज ने सबसे पहले रक्तदान करके रक्तदान शिविर का शुभारंभ किया । रक्तदान शिविर में जिला शिक्षा अधिकारी कृष्ण लाल सियाग, आईएमए के सचिव डॉक्टर भारत भूषण जांगिड, डॉक्टर के एल बंसल, आईएमए के पूर्व अध्यक्ष डॉ इंद्र चुघ, अपेक्स हॉस्पिटल के प्रबंध निदेशक डॉक्टर अरविंद बंसल, डॉ राहुल छाबड़ा, डाक्टर पी डी चुघ, डॉ विशाल छाबड़ा, टैगोर कॉलेज के प्रबंध निदेशक डॉ सचिन जेतली, अपेक्स क्लब के अध्यक्ष अशोक धमीजा, अपेक्स क्लब के पूर्व अध्यक्ष श्याम सुंदर लड़ोइया, रक्तदान शिविर के परियोजना अधिकारी मनोहर लाल शर्मा, आकाशदीप बंसल, कॉटन सिटी प्रेस क्लब के अध्यक्ष नवल किशोर भोजक सहित अतिथि मौजूद रहे। रक्तदान शिविर के परियोजना मनोहर लाल शर्मा की देखरेख में अधिकारी टैगोर कॉलेज शिक्षाविद डॉ सचिन जेटली, भाटिया आश्रम के शिक्षा विद प्रवीण भाटिया व आशीर्वाद क्लासेस के राजू रिणवा के सहयोग से मैत्री ब्लड सेंटर के डॉक्टर सुनील योगी की टीम ने 42 यूनिट रक्त संग्रहण किया। कॉटन सिटी प्रेस क्लब के अध्यक्ष नवल किशोर भोजक ने शादी की 35 वीं वर्षगांठ पर रक्तदान किया। हॉस्पिटल स्टाफ के लैब टेक्नीशियन गुरु सेवक, हंसराज, प्रेम कुमार आकाश संदीप, पुनीत बत्रा, जसवीर सिंह, राकेश, हंसराज, संदीप,अनिल कुमार, जसवीर सहित हॉस्पिटल स्टाफ ने रक्तदान करने के साथ विशेष सहयोग किया। डॉक्टर प्रमेंद्र स्वामी ने सभी का आभार प्रकट किया।




# देश की आजादी के बाद से 170 साल बाद हुआ गांव में पहला सत्संग

## ❑ महाकुंभ में फॉलोवर बढ़ाने जा रही युवा पीढी: परम गुरु ❑ जोड़कियां में पत्रकारों से बोले परम गुरु, ध्यान योग के बारे में भी बताया

जनमार्ग न्यूज

**हनुमानगढ़।** जिला मुख्यालय के पास स्थित गांव जोड़कियां में परम गुरु महाराज ने गीता पर प्रवचन दिए। उन्होंने कर्म को सबसे बड़ा धर्म बताया। परम गुरु ने कहाकि योगेश्वर श्रीकृष्ण ने हम सबको श्रीमद् भगवत गीता का रहस्य बताया। इसको सुनने और जीवन में आत्मसात करने से न सिर्फ इहलोक बल्कि परलोक भी सुधारा जा सकता है। जीवन क्षणभंगुर है, इसे महसूस करने की जरूरत है। परम् गुरु महाराज ने कहाकि गांव में 70 साल बाद परम धाम का सत्संग हुआ। यानी देश की आजादी के बाद से अब तक ये पहला सत्संग गांव जोड़कियां में हुआ है। यह गांव के लोगों ने ही बताया है। यह अपने आपमें बड़ी बात है। परम गुरु ने ग्रामीणों की सराहना करते हुए कहाकि करीब 10 हजार संगत के लिए व्यवस्था करना साधारण बात नहीं है। इसके लिए ग्रामीणों ने करीब 15 दिन से तैयारियां कीं। उन्होंने परम प्रसादम कार्यक्रम के बारे में बताया कि हनुमानगढ़ और श्रीगंगानगर जिले सहित राजस्थान भर में जरूरतमंदों को प्रभु के प्रसाद स्वरूप भोजन करवाया जाता है। उन्होंने सत्संग जारी रखने का भरोसा दिलाया। महाकुंभ में संतों का सम्मेलन होता है। वहां पर सोशल मीडिया के लोग अपना फॉलोवर बढ़ाने जा रहे हैं। यह अनुचित है। इससे अव्यवस्था फैलती है। उन्होंने युवाओं से आग्रह किया कि महाकुंभ संतों का समागम है, वहां जाकर व्यवस्था खराब न करें। उन्होंने ध्यान का महत्व समझाते हुए कहाकि शून्य में जाकर परमात्मा से तारतम्य स्थापित करना ही ध्यान है। हम यही बताते हैं। विचारों का खेल है। उन्होंने शून्य को ही सत्य बताते हुए उसी को सच्चिदानंद बताया। परम गुरु ने गांव की गोशाला का अवलोकन किया और वहां की व्यवस्थाओं की सराहना की। इस मौके पर ज्योति भैरवा, विशु यादव, आरोही खुराना, अंकिता बिश्नोई, सानिया मीना, पूनम सहारण, सुनील कुमावत, मानविंद्र राजपूत, आफताब बागरवा, जीतू हाड़ौती, राजवीर बंजारा, अनिल योगी और सुनील चारण आदि मौजूद थे।



# एससी एसटी मूल ओबीसी वर्ग को राजनीतिक और प्रशासनिक महत्व देने हेतु बैठक आयोजित

## कल सौंपेंगे ज्ञापन

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** एससी-एसटी मूल ओबीसी वर्ग को राजनीतिक व प्रशासनिक महत्व देने व राजस्थान हाईकोर्ट के फैसले के अनुसार मूल ओबीसी के अधिकारों को लागू करने के लिए कमेटी गठित कर राजस्थान सरकार द्वारा विचार करने के उद्देश्य से स्थानीय चहल चौक के नजदीक जिला प्रगतिशील कुम्हार धर्मशाला में जिला प्रगतिशील कुम्हार सभा के जिलाध्यक्ष महेंद्र बागड़ी की अध्यक्षता में कुम्हार एससी-एसटी मूल ओबीसी वर्ग के लोगों की आम बैठक का आयोजन किया गया जिसमें मूल ओबीसी वर्ग में आने वाली जातियों को महत्व देने जैसे कई मुद्दों पर चर्चा हुई। बैठक में सर्वसम्मति से 6 फरवरी, गुरूवार को जिला कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया गया। इस सम्बन्ध में कल गुरुवार सुबह 11 बजे एससी-एसटी मूल ओबीसी वर्ग के कुम्हार धर्मशाला में एकत्रित होंगे। बैठक में कुम्हार समाज के पूर्व जिलाध्यक्ष सुभाष माहर, महामंत्री बालकिशन कुलचानियां, मदनलाल सोनी, राजेश निर्वाण, धीरज सैन, ताराचंद छींपा, नरेन्द्र चौहान जीनगर, रामरतन घोड़ेला, जगदीश घोड़ेला, सुरेश माहर व लालचंद जलन्धरा सहित कई लोग उपस्थित थे।



जनमार्ग पढ़ें
ताजा खबरें
ज्यादा खबरें

# श्री गणेश मंदिर से कलश यात्रा निकाली

जनमार्ग न्यूज

**सूरतगढ़।** श्री बालाजी मित्र मंडली के तरफ से संकट मोचन श्री हनुमान मंदिर में श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ एवं शिव परिवार मूर्ति स्थापना के उपलक्ष में प्राचीन ढाब श्री गणेश मंदिर से कलश यात्रा निकाली गई। मुख्य यजमान अशोक मखीजा श्रीमती सुनीता मखीजा, प्रभु राम शर्मा श्रीमती समेर शर्मा, तुलसीराम शर्मा श्रीमती लक्ष्मी शर्मा, लिखमाराम श्रीमती जमना ने सपत्नीक पूजा अर्चना करके श्रीमद् भागवत कथा के साथ कलश यात्रा निकाली। कलश यात्रा में पूर्व पालिका अध्यक्ष काजल छाबड़ा, नगर पालिका अधिशासी अधिकारी पूजा शर्मा, पूर्व पार्षद तारा देवी ताखर, शशि मुंदड़ा सहित 108 महिलाओं ने सीर पर कलश उठाकर शिव परिवार मूर्ति और झांकियां के साथ शहर के मुख्य मार्गो से होते हुए कलश यात्रा का समापन कथा स्थल पर किया गया। कलश यात्रा के दौरान पूर्व पालिका अध्यक्ष परसराम भाटिया, पवन खुराना, गोपीराम गोदारा, श्री बालाजी मित्र मंडली की टीम के सेवादारों ने व्यवस्था बनाने में सहयोग किया। पुजारी रामानंदन, पुजारी पंडित तपेश्वर ने बताया 4 से 10 फरवरी तक आयोजित श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ एवं शिव परिवार मूर्ति स्थापना के उपलक्ष में 4 से 10 फरवरी तक रोजाना दोपहर 12:15 बजे से शाम को 4:15 बजे पंडित अमृत सारस्वत कृष्णामृत संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का वाचन करेंगे। 10 फरवरी को सुबह 11:15 बजे देव पूजन एवं मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा स्थापना के बाद प्रसाद वितरण किया जाएगा।



# आरएएस-प्री की परीक्षा देने के 2 दिन बाद युवती ने की आत्महत्या

- सुसाइड नोट में माता-पिता के लिए लिखा कि वह भाई बहन को खूब पढ़ाएं

**जनमार्ग न्यूज।**

**श्रीगंगानगर।** करीब 25 वर्षीय एक युवती ने आरएएस-प्री की परीक्षा देने के दो दिन बाद ही अपने घर में फांसी का फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। युवती का लिखा एक सुसाइड नोट उसके परिवार वालों ने पुलिस को सौपा है। पुलिस के अनुसार सुसाइड नोट में युवती ने आरएएस-प्री की परीक्षा सही नहीं होने का जिक्र करते हुए माता-पिता से कहा है कि वे उसके दूहरे भाई बहन को खूब पढ़ाए। मामला घमूडवाली थाना क्षेत्र के चक 38-एलएनपी का है। पुलिस के मुताबिक धर्मपाल कुम्हार अपनी पत्नी के साथ कल मंगलवार को किसी काम से श्रीगंगानगर गए हुए थे। पीछे घर में उसकी दो बेटियां और एक बेटा था। बड़ी बेटी अनीशा उर्फ सोनू (25) ने दोपहर को बहन भाई को खेत से चारा लाने के लिए भेज दिया। दोनों बहन भाई कुछ देर बाद चार लेकर वापस आए तो घर के कमरे में अनीशा का शव फंदे पर लटक रहा था। उसने फांसी लगाने के लिए घर में ही रखी एक सीढी का उपयोग किया। पता चलने पर धर्मपाल अपनी पत्नी के साथ तुरंत श्रीगंगानगर से गांव को रवाना हो गया। इस बीच सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। मौके की कार्यवाही के बाद लाश को पोस्टमार्टम के लिए सरकारी अस्पताल में लाया गया। घटना की जांच कर रहे हवलदार ओमप्रकाश ने बताया कि अनीशा ने खुदकुशी करने से पहले एक सुसाइड नोट लिखकर कमरे में छोड़ा जो उसके परिवार वालों ने पुलिस के सुपुर्द किया है। जांच अधिकारी के अनुसार अनीशा ने विगत रविवार को ही आरएएस-प्री की परीक्षा दी थी। परीक्षा सही नहीं होने के कारण वह तनाव में थी। उसने सुसाइड नोट में लिखा है कि उसकी पढ़ाई पर काफी खर्चा भी हो गया और वह परीक्षा भी सही से नहीं दे पाई। उसने मां-बाप से कहा है कि वह दूसरे भाई बहन को खूब अच्छे से पढाना। उसने अपनी मौत के लिए किसी को जिम्मेदार नहीं ठहराया।पुलिस ने पोस्टमार्टम करवाने के बाद लाश परिवार वालों के सुपुर्द कर दी।



# श्रद्धालुओं को लेकर वापस लौटा रही बस पलटी, दो की मौत

**जनमार्ग न्यूज।**



**श्रीगंगानगर।** हनुमानगढ़ से प्रयागराज महाकुंभ के लिए श्रद्धालुओं को लेकर गई एक स्लीपर बस वापस आते हुए आज बड़े तड़के जयपुर-आगरा हाईवे पर पलट गई। इस हादसे में दो महिला श्रद्धालुओं की मृत्यु हो गई जबकि एक दर्जन से अधिक घायल हो गए। मृतक महिलाओं में एक हनुमानगढ़ जिले के संगरिया की निवासी और दूसरी चुरू जिले के सरदारशहर की रहने वाली है। घायलों में अधिकांश श्रद्धालु हनुमानगढ़,चूरू तथा हरियाणा के सिरसा जिले के बाशिंदे हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार यह हादसा सुबह करीब 5 बजे दौसा जिले में पीपलखेड़ा गांव के नजदीक हुआ।घायलों को निकटवर्ती महवा के अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। दौसा पुलिस सूत्रों के अनुसार इस दुर्घटना में सुंदर देवी जाट (50) निवासी हरिपुरा थाना संगरिया जिला हनुमानगढ़ और भंवरीदेवी शर्मा (55) निवासी सरदारशहर चुरु की मृत्यु हो गई। पुलिस के अनुसार यह हादसा अचानक हाईवे पर आए पशु से बचने के प्रयास में हुआ।बस पलटने की आवाज सुनकर निकटवर्ती गांव के लोग भाग कर आए और उन्होंने बस में फंसे श्रद्धालुओं को बाहर निकाला। उनको निकटवर्ती महवा के सरकारी अस्पताल पहुंचाया।

# अपहरण कर किशोरी से दुष्कर्म करने के आरोप में युवक गिरफ्तार

**जनमार्ग न्यूज।**

**श्रीगंगानगर।** समेजा कोठी थाना पुलिस ने एक नाबालिक लड़की को बहला फुसलाकर भगा ले जाने और दुष्कर्म करने के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि चक 6-एनजैडपीडी निवासी मोहित की गिरफ्तारी की गई है।समेजा कोठी थाना क्षेत्र के एक गांव की निवासी करीब 17 वर्षीय किशोरी 25 नवंबर को लापता हो गई थी। इस पर थाने में गुमशुदगी रिपोर्ट दर्ज हुई थी। पुलिस ने उसे 8 दिसंबर को बरामद किया तो उसने बताया कि वह अपनी मर्जी से अकेले कहीं गई थी। इस पर उसे मां-बाप के सुपुर्द कर दिया गया। फिर 15 जनवरी को इसी किशोरी ने मुकदमा दर्ज करवाया कि मोहित उसे शादी करने का झांसा देकर अपने साथ खाजूवाला क्षेत्र में कई जगहों पर ले गया और उससे दुष्कर्म करता रहा। पुलिस सूत्रों ने बताया कि पीड़िता और आरोपी पहले एक ही स्कूल में साथ पढ़ते थे।मोहित को आज अदालत में पेश किया जा रहा है।

# पोस्त, नशीली गोलियां और अवैध हथियारों सहित चार गिरफ्तार

**जनमार्ग न्यूज।**

**श्रीगंगानगर।** जिले में पुलिस ने बीते 24 घंटे के दौरान अवैध पोस्त, नशीली गोलियां तथा अवैध हथियार रखने के आरोप में चार व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि राजियासर थाना क्षेत्र में अमृतसर- जामनगर एक्सप्रेस-वे पर एटा गांव के नजदीक पंकज (35) निवासी चोहिलांवाली और रवि उर्फ रविंद्र (20)निवासी भोजासर, थाना भोजासर जिला जोधपुर को 40 किलो अवैध डोडा पोस्त सहित गिरफ्तार किया। यह दोनों तस्कर जिस वाहन पर सवार थे, उसे भी जब्त कर लिया गया है। केसरीसिंहपुर थाना इलाके में पुलिस ने सुखदेव उर्फ सेठिया (42)निवासी वार्ड नंबर 7 धक्का बस्ती को 180 नशीली ट्रामाडोल साल्ट वाली गोलियों सहित गिरफ्तार किया है। वह एक मोटरसाइकिल पर जा रहा था। उसका मोटरसाइकिल भी जब्त किया गया है। सुखदेव सिंह हिस्ट्रीशीटर अपराधी है। उसके खिलाफ 25 मुकदमे दर्ज हैं। इसी प्रकार सूरतगढ़ सिटी पुलिस ने रियासत अली (44) निवासी वार्ड नंबर 2 चक 11 एसजीएम, सरदारगढ़ को गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से एक अवैध देसी कट्टा बरामद हुआ। सूरतगढ़ सिटी पुलिस ने ही आजादविंद्र (24) निवासी चक 3- जेएम, थाना नई मंडी घडसाना को गिरफ्तार किया है। उसके पास भी एक अवैध देसी कट्टा बरामद हुआ है।

## नशे में जहरीले पदार्थ का सेवन, मौत

**श्रीगंगानगर (जनमार्ग न्यूज)।** सूरतगढ़ की वार्ड नंबर 5 में किराए के मकान में रहने वाले एक शख्स ने शराब के नशे में किसी जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। पुलिस के अनुसार लगभग 40 वर्षीय मलकीतसिंह और रायसिख ने 2 फरवरी को शराब के नशे में किसी जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया था,जिसे श्रीगंगानगर के एक अस्पताल में भर्ती करवाया गया।

# नरेश वर्मा का जूनियर इंजीनियर के पद पर चयन

**जनमार्ग न्यूज।**



**श्रीगंगानगर।** कर्मचारी चयन आयोग की ओर से आयोजित परीक्षा में श्रीगंगानगर के नरेश वर्मा का मिनिस्ट्री आफ डिफेंस में जूनियर इंजीनियर के पद पर चयन हुआ है। होनहार नरेश वर्मा की इस सफलता पर उसके परिवार एवं मोहल्ला वीडियो में खुशी का माहौल बना हुआ है। सद्भावना नगर निवासी धर्मवीर वर्मा के होनहार सुपुत्र नरेश वर्मा ने कर्मचारी चयन आयोग के इस परीक्षा में अखिल भारतीय स्तर पर 132 वीं रैंक प्राप्त कर मिनिस्ट्री आफ डिफेंस की एमईएस में जूनियर इंजीनियर मैकेनिकल के पद पर पहुंचने की सफलता अर्जित की।

# राष्ट्रीय कला मंदिर का याद-ए-जगजीत कार्यक्रम 9 को

**जनमार्ग न्यूज।**



**श्रीगंगानगर।** श्रीगंगानगर में जन्मे-पले, मशहूर गजल गायक पद्मविभूषण जगजीतसिंह के जन्मदिवस पर राष्ट्रीय कला मंदिर द्वारा 9 फरवरी को संगीतमयी कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। राष्ट्रीय कला मंदिर के अध्यक्ष वीरेंद्र बैद ने बताया कि याद-ए-जगजीत नाम से इस कार्यक्रम का आयोजन 9 फरवरी की शाम 6.31 बजे बाबा रामदेव मंदिर के सामने रोहित उद्योग परिसर में स्थित चौधरी रामजस कला सदन (ऑडिटोरियम) में होगा। मुख्य अतिथि समाजसेवी संजीव लोहिया और लक्ष्मी सीड्स वाले सत्यप्रकाश खेमका होंगे। राष्ट्रीय कला मंदिर के मीडिया प्रभारी राकेश मोंगा ने बताया कि कार्यक्रम में अनेक गायक कलाकार वाद्य यंत्रों की संगत में जगजीतसिंह द्वारा गाई गजलों, गीतों, नज्मों और भजनों की प्रस्तुति देंगे। उल्लेखनीय है कि जगजीत सिंह ने राष्ट्रीय कला मंदिर के सहयोग तथा तत्वावधान में ही गायकी के सफर की शुरुआत की थी और फिर आसमान की बुलंदियों को छुआ। उन्होंने जगजीतसिंह के अधिक से अधिक प्रशंसकों और गीत संगीत प्रेमियों से इस कार्यक्रम में पंहुचने का आग्रह किया है।

# शादी में गई कॉलेज छात्र का बनाया अश्लील वीडियो

- वायरल करने की धमकी देकर करता रहा यौन शोषण

**जनमार्ग न्यूज।**



**श्रीगंगानगर।** अपनी मौसी की बेटी की शादी में गई कॉलेज की एक छात्रा का नहाते हुए शादी में आए एक युवक ने मोबाइल फोन से वीडियो बना लिया। फिर युवक फोटो और वीडियो डिलीट करने का झांसा देकर कॉलेज छात्र का यौन शोषण करने लगा।उसका अपहरण भी कर लिया। मामला पंचायत में जाने पर आरोपी युवक अपनी का गलती मानने की बजाय कॉलेज छात्रा पर उसके साथ शादी कर लेने का दबाव देने लगा। इस आशय का एक मुकदमा हनुमानगढ़ जिले के नोहर थाना में पीड़ित 18 वर्षीय कॉलेज छात्रा द्वारा दी गई रिपोर्ट के आधार पर साहिल सांसी निवासी बाबा रामदेव मंदिर के नजदीक साहब जिला चूरु तथा उसके दो साथियों मक्खन व श्रवण के खिलाफ दर्ज हुआ है। पुलिस सूत्रों के अनुसार पीड़िता ने बताया है कि लगभग 2 वर्ष पहले वह साहवा में अपनी मौसी की बेटी की शादी में गई थी। वहां नहाते समय साहिल ने छुपकर उसका वीडियो बना लिया। साहिल ने वीडियो वायरल करने की धमकी दी तो वह डर तथा सहम गई।साहिल ने अगस्त 2024 में वीडियो डिलीट करने का झांसा देकर नोहर बुलाया। एक होटल में ले जाकर उससे दुष्कर्म किया। पुलिस के मुताबिक पीड़िता ने बताया है कि होटल में ले जाने के बाद साहिल ने उसे कोई नशीला कोल्ड ड्रिंक पिला दिया था। इस दौरान साहिल ने उसके और भी अश्लील वीडियो बना लिए। वह वीडियो डिलीट करने का कहकर बार-बार उसे नोहर के अलग-अलग होटलों में बुलाकर दुष्कर्म करने लगा। उसने विगत 4 और 7 अक्टूबर को नोहर में अलग-अलग होटल में उससे दुष्कर्म किया। पीड़िता के अनुसार 28 जनवरी को साहिल ने उसे नोहर में बस अड्डा के पास बुलाया। वहां जाने पर साहिल मोटरसाइकिल लिए खड़ा था जो उसे साहवा ले गया। साहवा में साहिल के दो साथी मक्खन और श्रवण मिले। उन्होंने उस पर साहिल से शादी करने का दबाव बनाया। पीड़िता के अनुसार मक्खन और श्रवण को वहीं छोड़कर साहिल उसे सूनसान जगह पर ले गया और दुष्कर्म किया। जब उसने शोर मचाया तो तीनों आरोपी वहां से भाग गए। लोगों ने उसे बस अड्डे पर पहुंचाया, जहां से वह अपने घर आ गई। पुलिस ने बताया कि पीड़िता और आरोपी एक ही जाति बिरादरी के हैं।

# कुत्ते से बाइक टकराई, युवक की मौत

**जनमार्ग न्यूज।**

**श्रीगंगानगर।** रायसिंहनगर थाना क्षेत्र में बाजूवाला गांव के नजदीक मोटरसाइकिल के कुत्ते से टकराने के कारण एक युवक की मृत्यु हो गई। पुलिस के अनुसार गांव उड़सर निवासी युधिष्ठिर बिश्नोई (30) परसों बाइक पर अनूपगढ़ से अपने गांव जा रहा था। उसके साथ एक अन्य युवक भी सवार था।बाजूवाला चौराहे से जैतसर मार्ग पर करीब एक किमी की दूरी पर उसकी मोटरसाइकिल अचानक सामने आए कुत्ते से टकरा गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे अस्पताल में भर्ती करवाया गया। युधिष्ठिर की कल मृत्यु हो गई।उसके बहनोई दिनेश निवासी चक 11 एसजेएम थाना समेजा कोठी द्वारा दी गई रिपोर्ट पर मर्ग दर्ज की गई है।

# कब्जा को हटवाने व दोषियों पर कार्यवाही की मांग

- डॉ. अम्बेडकर मेमोरियल वेलफेयर सोसाइटी ने जिला कलक्टर को सौंपा ज्ञापन

**जनमार्ग न्यूज।**



**जैतसर।** डॉ. अम्बेडकर मेमोरियल वेलफेयर सोसाइटी ने जिला कलक्टर डॉ मंजू को ज्ञापन देकर जैतसर में अम्बेडकर सामुदायिक भवन पर कुछ लोगों द्वारा किए हुए कब्जे को हटवाने और उनके खिलाफ सख्त करें वही करने की मांग की। समिति के उपाध्यक्ष शंकर मेघवाल ने बताया कि ज्ञापन दे गए शिष्टमंडल की बात को जिला कलेक्टर डॉ मंजू ने गंभीरता से सुना और उन्होंने दोषियों के खिलाफ उचित कार्यवाही करने का आश्वासन दिया। सोसाइटी के संयुक्त प्रदेश सचिव नंदराम मेघवाल ने बताया कि अगर अगले 15 दिन में दोषियों के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं हुई तो धरना प्रदर्शन किया जाएगा। ज्ञापन देते समय वेलफेयर सोसाइटी के जिला महासचिव हेमराज खाराड़ू, पृथ्वीराज मेहरड़ा, देवीलाल बालाण जिलाध्यक्ष मेघवाल समाज संस्थान, ओमप्रकाश इंदौरा पूर्व चेयरमैन जैतसर, हीरालाल जैसल पूर्व चेयरमैन जैतसर, महावीर मेघवाल सरपंच ग्राम पंचायत 13-एसडी, लालसिंह मद्धू प्रदेशाध्यक्ष मज़हबी सिक्ख वेलफेयर सोसाइटी, पवनदीपसिंह गिल सरपंच कालियां, एडवोकेट सुखचैनसिंह धालीवाल जिलाध्यक्ष मज़हबी सिक्ख समाज, ताराचंद जीनगर, डॉ हरीश चोपड़ा, राजेन्द्रसिंह शेरगिल, सुरेन्द्र डाबला, शिवलाल भाटी, एडवोकेट रामप्रकाश खुड़ियाल, एडवोकेट सुभाष खुड़ियाल, एडवोकेट रोहताश महेंद्रा, मदन भाटिया, एडवोकेट लक्षणराम नायक, तरसेमलाल चुम्बड, एडवोकेट कुलदीप चौपड़ा और एडवोकेट मुकेश चोपड़ा आदि उपस्थित रहे।

# महिला से दुष्कर्म करने के आरोप में बाबा गिरफ्तार

**जनमार्ग न्यूज।**

**श्रीगंगानगर।** श्रीकरणपुर पुलिस ने एक महिला से दुष्कर्म करने के आरोप में एक तथाकथित बाबा को गिरफ्तार किया है। मामले की जांच कर रहे थाना प्रभारी सीआई रामप्रताप वर्मा ने बताया कि श्रीकरनपुर की एक महिला द्वारा विगत 24 जनवरी को दर्ज करवाए मुकदमे की जांच में आरोप प्रमाणित पाए जाने पर करीब 40 वर्षीय रामरख निवासी श्रीकरनपुर को गिरफ्तार किया गया है। महिला ने आरोप लगाया था कि राम रखना 18 जनवरी को उसे जबरन दुष्कर्म किया। थाना प्रभारी ने बताया कि महिला और रामरख दोनों ही विवाहित हैं। रामरख को लोग बाबा के रूप में जानते हैं।वह धागे ताबीज और झाड़ फूंक का काम भी करता है। उन्होंने बताया कि आरोपी को आज अदालत में पेश किया जा रहा है।

# अदालत में साइबर ठगी के आरोपियों की चल-अचल संपत्ति कुर्क करने का परिवाद दायर

- फर्जी ट्रेडिंग सॉफ्टवेयर से हजारों करोड़ की ठगी का मामला

**जनमार्ग न्यूज।**

**श्रीगंगानगर।** श्रीगंगानगर में पिछले हफ्ते फर्जी ट्रेडिंग सॉफ्टवेयर से देश भर में हजारों करोड़ की ठगी करने के उजागर हुए मामले में गिरफ्तार पिता-पुत्र में से पिता और फरार एक आरोपी की चल-अचल संपत्तियों को भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता(बीएनएसएस) की धारा 107 के तहत कुर्क करने के लिए आज अदालत में परिवाद पेश कर दिया। पुलिस अधीक्षक गौरव यादव ने बताया कि गिरफ्तार किए गए अंबिका सिटी-2 निवासी लाजपत आर्य द्वारा साइबर ठगी की राशि से अर्जित की गई लग्जरी लक्सेस गाड़ी, उसके घर से बरामद हुए 10 लाख रुपए, फरार आरोपी करमजीतसिंह के पिता मलकीतसिंह और गिरफ्तार किए गए लाजपत आर्य के नाम से मानवी एनक्लेव खरीदे दो भूखंड संख्या 7 और 8 को नवीनतम कानून की धारा 107 बीएनएसएस के तहत कुर्की के लिए आज अदालत में परिवाद पेश किया गया। उन्होंने बताया कि इस नवीनतम कानून के तहत न्यायालय द्वारा उक्त आरोपियों को 14 दिन के भीतर कारण बताने का नोटिस जारी करने का प्रावधान है। पुलिस की तरफ से दायर परिवार में वर्णित तथ्य अगर सही पाए जाते हैं तो न्यायालय द्वारा ऐसी संपत्ति को कुर्क करने या नीलाम करने का प्रावधान है। उल्लेखनीय है कि इस मामले का मुख्य आरोपी अजय आर्य तथा उसका एक अहम सहयोगी कर्मजीतसिंह पुलिस के हाथ आते-आते रह गए थे।

## नाले में मिली नेपाली युवक की लाश

**जनमार्ग न्यूज।**

**श्रीगंगानगर।** स्थानीय भगतसिंह चौक में शिवालय के पास गंदे पानी के नाले में आज सुबह एक नेपाली युवक की लाश पड़ी मिली। सूचना मिलने पर केंद्रीय बस अड्डा पुलिस चौकी प्रभारी एएसआई स्वर्णसिंह मौके पर पहुंचे। मौके की कार्यवाही के बाद लाश को जिला अस्पताल के मुर्दाघर पहुंचाया गया।मृतक युवक के हाथ पर नाम राजू गिरी गुदा हुआ था। आसपास के लोगों से पूछताछ करने पर पुलिस को पता चला कि राजू गिरी अत्यधिक नशा करने का आदी था। वह पिछले काफी समय से भगतसिंह चौक तथा शिवालय के आसपास के इलाके में ही घूमता फिरता रहता था। वह मूल रूप से नेपाल का निवासी है। यह जानकारी मिलने पर पुलिस ने मृतक राजू की तस्वीरों को सोशल मीडिया में जारी किया। साथ ही शहर में रहने वाले नेपाली मूल के लोगों से संपर्क किया। बस अड्डा पुलिस चौकी प्रभारी ने बताया कि दोपहर बाद राजू गिरी की पूर्ण रूप से पहचान हो गई। उसके पिता गोविंद गिरी से भी संपर्क हो गया जो कि रायसिंहनगर के रीको औद्योगिक क्षेत्र में किसी फैक्ट्री में काम करता है।

# फर्जी पट्टे से दुकानें बनाने से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की चारदीवारी निर्माण रुका

**जनमार्ग न्यूज।**

**श्रीगंगानगर।** गजसिंहपुर थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत चक 2-एफसी मुकन में ग्राम पंचायत के एक फर्जी पट्टे के आधार पर दो दुकानें बनाने से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की चारदिवारी का निर्माण रुक गया है।इसे लेकर सरपंच नानकीदेवी ने फर्जी पट्टा बनाने के आरोप में एक दंपति के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया है। पुलिस के अनुसार सरपंच नानकी देवी ने गांव के ही भाग शसिंह और उसकी पत्नी गीता देवी पर 12 जनवरी 2013 की तारीख में तत्कालीन सरपंच चंद राम और ग्राम सचिव इंद्रजीत के हस्ताक्षरों से गांव के चौक में एक भूखंड का पट्टा बनाने का आरोप लगाया है। चौक की जगह ग्राम पंचायत की सार्वजनिक है। इस पर किसी सरपंच ने पट्टा जारी नहीं किया, लेकिन भाग सिंह और गीता ने न जाने कहां से पट्टा हासिल कर उसके आधार पर दो दुकानों का निर्माण कर लिया। ग्राम पंचायत ने इस जगह पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण करने का प्रस्ताव पारित कर रखा है। स्वास्थ्य केंद्र के निर्माण के लिए विधायक फंड से राशि स्वीकृत होने पर दिनों चारदिवारी का निर्माण भी प्रारंभ कर दिया गया। लगभग 85 प्रतिशत निर्माण भी पूर्ण हो चुका हैउक्त दुकानों की वजह से बाकी निर्माण रुका हुआ है। सरपंच के अनुसार भागसिंह तथा गीता देवी के पास जो पट्टा है उसे तत्कालीन सरपंच चंदूराम और ग्राम सचिव इंद्रजीत ने फर्जी बताया है। इन दोनों ने शपथपूर्वक कहा है कि यह पट्टे उन्होंने जारी नहीं किया। पट्टे पर उनके किए हुए हस्ताक्षर फर्जी हैं।सरपंच पति सुखविंदर सिंह ने बताया कि चारदीवारी निर्माण के लिए विधायक विवेकाधीन फंड से करीब चार लाख का बजट मिला है।

प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी हरीसिंह मेहरा द्वारा राहुल ऑफसैट प्रिन्टर्स गुलजार भवन, 47 गणेश विहार द्वितीय, जस्सा सिंह मार्ग के पास श्रीगंगानगर 335001 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक : हरीसिंह मेहरा, 94140-87692, फैक्स : 0154-2970692